

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच

# 30 करोड़ श्रद्धालुओं ने किया स्नान

## गाजियाबाद से महाकुंभ गई महिला की नहीं मिली खबर

गाजियाबाद के विजयनगर थाना क्षेत्र के सेक्टर-11 प्रताप विहार में राजेंद्र प्रकाश शुक्ला की पत्नी सावित्री देवी 27 जनवरी को दो महिलाओं के साथ प्रयागराज कुंभ गई थी। 28 जनवरी को दोपहर साढ़े 12 बजे अंतिम बार परिजनों से बातचीत हुई थी। साथ गई दोनों महिलाएं वापस लौट आई हैं।

संसद का बजट सत्र शुरू

# 'विकसित भारत के लिए सभी एकजुट हों'



## राष्ट्रपति ने मोदी सरकार की गिनाई उपलब्धियां

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद का बजट सत्र आज से शुरू हो रहा है। इस दौरान राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने अपने अभिभाषण में मोदी सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। राष्ट्रपति ने संसद के दोनों सदनों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत जल्द दुनिया की तीसरी बड़ी इकोनॉमी बनने की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई योजनाओं और उनसे होने वाले बदलावों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि लोन और बीमा को सबके लिए आसान बनाया गया है। राष्ट्रपति ने देश की जनता का आह्वान किया कि वह विकसित भारत बनाने के लिए सभी एकजुट हों।

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने कहा कि हमारी सरकार लगातार मिशन मोड में काम कर रही है, जिसका फायदा भी देखने को मिल रहा है। विदेशों से जमकर निवेश आ रहा है और इसके चलते देश के युवाओं को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं।

उन्होंने अपने अभिभाषण में संविधान को अपनाए जाने के 75 साल पूरे होने का जिक्र भी किया, इसके अलावा जम्मू कश्मीर में रेल परियोजना के पूरे होने को बड़ी उपलब्धि बताया। इसके साथ ही एविएशन सेक्टर में भी बड़ा बूम आया है।

## बजट से पहले नहीं दिखी विदेशी चिंगारी : प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के वर्ष-2025-26 के लिए बजट सत्र आज से शुरू हो गया। बजट सत्र से पहले संसद के बाहर अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि 2014 के बाद शायह यह पहला सत्र है जब बजट सत्र के पहले कोई विदेशी चिंगारी देश में नहीं देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा कि आज बजट सत्र के प्रारंभ में मैं समृद्धि की देवी मां लक्ष्मी को प्रणाम करता हूं। ऐसे अवसर पर सदियों से हमारे यहां मां लक्ष्मी का पुण्य स्मरण किया जाता है। मां लक्ष्मी हमें सिद्धि और विवेक देती हैं। समृद्धि और कल्याण भी देती हैं। मैं प्रार्थना करता हूं कि देश के हर गरीब एवं मध्यम वर्गीय समुदाय पर मां लक्ष्मी की विशेष कृपा रहे।

### राष्ट्रपति के अभिभाषण की प्रमुख बातें

1- MSME के लिए क्रेडिट गारंटी स्कीम
2- मुद्रा लोन 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख किया गया
3- 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले
4- इंटरर्नशिप योजना ने युवाओं को मजबूत किया
5- ड्रोन दीदी से महिला सश्किकरण, 3 करोड़ दीदी बनाने का लक्ष्य
6- 8000 करोड़ खर्च कर देश में 52000 इलेक्ट्रिक बस चलेंगी
7- 8वें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी मिली
8- टैक्स से जुड़े नियमों को आसान बनाया गया
9- AI को लेकर दुनिया को राह दिखा रहा है भारत
10- देश की महिलाएं आज लड़ाकू विमान उड़ा रही हैं
11- 1500 से ज्यादा कानून निरस्त किए
12- छोटे उद्योगों को बढ़ावा
13- धारा-370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में विकास तेज

## प्रयागराज के बाद अयोध्या में उमड़ा सैलाब



**महाकुंभनगर/ अयोध्या (एजेंसी)।** प्रयागराज महाकुंभ में त्रिवेणी के घाटों पर भारी संख्या में श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। आज सुबह 8 बजे तक 43 लाख से अधिक लोगों ने पवित्र स्नान किया है। यूपी सरकार के अनुसार, 30 जनवरी तक 30 करोड़ से अधिक लोग पवित्र स्नान कर चुके हैं। प्रयागराज में आस्था की डुबकी लगाने के बाद श्रद्धालुओं की भीड़ अयोध्या पहुंच रही है। आलम यह है कि रातों-रात अयोध्या की सड़कें श्रद्धालुओं से खचाखच भर गईं। सुबह होते ही जय श्रीराम के जयकारे गूंजने लगे। 96 घंटे में 65 लाख श्रद्धालु अयोध्या पहुंच चुके हैं। बृहस्पतिवार को करीब 15 लाख श्रद्धालुओं ने सरयू में डुबकी लगाकर मंदिरों में दर्शन-पूजन किया। **(शेष पृष्ठ-3 पर)**

### प्रधानमंत्री 5 फरवरी को त्रिवेण संगम में लगाएंगे डुबकी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महाकुंभ-2025 में शामिल होने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रयागराज जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 5 फरवरी को प्रयागराज दौरे पर रहेंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार, प्रधानमंत्री सुबह 11 बजे बम्हरौली हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे और वहां से अरैल डीपीएस हेलीपैड जाएंगे। इसके बाद वे निषादराज क्रूज़ के माध्यम से गंगा स्नान और पूजन के लिए गंगा नदी पर जाएंगे। महाकुंभ-2025 में अब तक 30 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। प्रधानमंत्री 5 फरवरी को महाकुंभ में जाएंगे। इस दिन दिल्ली में विधानसभा चुनाव व उत्तर प्रदेश के अयोध्या मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव भी है। गंगा स्नान और पूजा के बाद, प्रधानमंत्री सेक्टर-6 में बनाए गए स्टेट पवेलियन का अवलोकन करेंगे और वहां से नेत्र कुंभ कार्यक्रम के लिए जाएंगे। नेत्र कुंभ प्रधानमंत्री के दौरे का मुख्य कार्यक्रम है। प्रशासन ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर सारी तैयारियां शुरू कर दी हैं।

# भाजपा अध्यक्षों की घोषणा खटाई में, गेंद संघ के पाले में

## 5 फरवरी के बाद जिला व महानगर अध्यक्षों की घोषणा संभव

**नोएडा (चेतना मंच)।** जनपद गौतमबुद्धनगर तथा नोएडा महानगर समेत कई जनपदों में अध्यक्षों की घोषणा फिलहाल खटाई में चली गई है। अब गेंद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के पाले में है।

बता दें कि गौतमबुद्धनगर व नोएडा समेत उत्तर प्रदेश में हर जनपद के लोग नये अध्यक्षों की घोषणा का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। पहले यह घोषणा 15 जनवरी तक होने वाली थी। इसके बाद 26 जनवरी के बाद। लेकिन अब अध्यक्ष की घोषणा 5 फरवरी के बाद बताई जा रही है। कुल लोग इसे दिल्ली व मिल्कीपुर चुनाव से जोड़कर देख रहे हैं। लेकिन भाजपा के सुविज्ञ सूत्र इसके पीछे एक नई कहानी बता रहे हैं।

पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी सूत्र बताते हैं कि दरअसल अध्यक्षों के चयन में जनप्रतिनिधियों की बढ़ती मनमानी तथा जिद



के मददेनजर संघ ने हस्तक्षेप किया है। संघ ने भाजपा हाईकमान को सलाह दी कि अध्यक्ष का पद पार्टी के किसी कर्मठ व समर्पित कार्यकर्ता को ही दिया जाए। सांसद, विधायक, मंत्री व किसी अन्य जनप्रतिनिधि की संस्तुति पर न हो। इसके बाद से अध्यक्षों की घोषणा फिलहाल टल गई है।

गौतमबुद्धनगर तथा नोएडा में भी कार्यकर्ताओं व दावेदारों को पिछले एक माह से अध्यक्षों की घोषणा का बेसब्री से इंतजार है। सूत्रों की माने तो अब 8 फरवरी के बाद ही इसकी घोषणा संभव है।

# ...छिन जायेगा वर्क सर्किल प्रभारी का वाहन!

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) का पहली बार कड़ा फरमान सुनने को मिल रहा है। अफसरों की हीला-हवाली तथा लापरवाहपूर्ण रवैये से आजिज होकर सीईओ को यह फैसला लेना पड़ा है। इस संबंध में कार्यालय आदेश भी जारी किया गया बताया जा रहा है।

नोएडा प्राधिकरण के अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सीईओ डा. लोकेश एम ने कार्यालय आदेश के जरिए ये निर्देश दिए हैं कि जिस वर्क-सर्किल के प्रभारी यानी वरिष्ठ प्रबंधक का कार्य संतोषजनक नहीं पाया जाएगा। उन्हें मिलने वाली वाहन की सुविधा नहीं दी जाएगी। यानी वे प्राधिकरण के वाहन का इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे। सीईओ के इस कठोर आदेश के बाद प्राधिकरण के अफसरों में हड़कंप मच गया है।

बता दें कि पिछले कुछ समय से सीईओ व एसीईओ द्वारा विभिन्न प्रोजेक्ट स्थलों के दौरे व निरीक्षण के

### सीईओ के कड़े फरमान के बाद अफसरों में हड़कंप

नोएडा एक उत्कृष्ट क्षेत्र

दौरान कई खामियां मिली। जिसमें संबंधित वर्क सर्किल के प्रभारी की लापरवाही स्पष्ट तौर पर देखी गई। हालांकि इस दौरान समय-समय पर संबंधित ठेकेदारों पर जुर्माना व काली सूची में डालने के फरमान तो जारी होते हैं। वहीं कुछ अफसरों का वेतन काटने व वेतन रोकने के भी हालिया कई आदेश जारी हुए हैं। इसके बावजूद भी लापरवाही न थमने पर सीईओ ने अब यह कठोर फरमान जारी किया है। प्राधिकरण के सूत्र बताते हैं कि किसी सीईओ द्वारा इस तरह का जारी किया गया यह पहला फरमान है।

# बिग बॉस्केट स्टोर में सेंध लगाने वाले बदमाशों से मुठभेड़, 6 पकड़े





**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा में स्थित बिग बॉस्केट स्टोर में चोरी करने वाले बदमाशों को थाना बिसरख पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में दो बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गए। जबकि चार बदमाशों को पुलिस ने कॉम्बिंग के बाद गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि थाना बिसरख पुलिस द्वारा ऐस सिटी गोल चक्कर के पास बैरियर लगाकर चैकिंग की जा रही थी। चैकिंग के दौरान एक सफेद रंग की टोयोटा एल्टिस कार आती हुई दिखाई दी। जिसे पुलिस बल द्वारा रूकने का इशारा किया तो कार सवार व्यक्ति नही रूके और कार को तेजी से भगाने लगे, पुलिस **(शेष पृष्ठ-3 पर)**

# शारदा विवि में कल गायकी के जलवे बिखेरेंगे जुबिन नौटियाल



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** नॉलेज पार्क स्थित शारदा विश्वविद्यालय में कल से शुरू तीन दिवसीय वार्षिक फेस्ट कोरस के कार्यक्रम में कल 1 फरवरी को प्रसिद्ध गायक जुबिन नौटियाल अपनी आवाज का जलवा बिखेंरेंगे।

शारदा विश्वविद्यालय की निदेशक डा. रितु कपूर ने बताया कि जुबिन नौटियाल के कार्यक्रम के पूर्व शाम 6.30 बजे गेट-टूगेदर कार्यक्रम है। शाम को 8.00 बजे से युवाओं की धड़कन जुबिन नौटियाल के कार्यक्रम होंगे।

उन्होंने बताया कि इस फेस्ट की थीम है कार्निवल आफ कलर्स। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा विभिन्न प्रतियोगिता का भी आयोजन हो रहा है। जिसमें कई विश्वविद्यालयों तथा कॉलेज की 60 टीमें भाग ले रही हैं। वहीं फैशन शो, डिबेट, मोनो लॉग, स्टैंड अप कॉमेडी, रैंप ओपन माइक शो आदि प्रतियोगिताएं भी की जा रही हैं।

केन्द्रीय बजट-2025-26

# 'समावेशी बजट हो, उद्योगों व व्यापार को मिले राहत'



सुरेन्द्र नाहटा



अभिषेक जैन



विकास जैन

**नोएडा (चेतना मंच)।** एमएसएमई के अध्यक्ष तथा उद्यमी व समाजसेवी सुरेन्द्र सिंह नाहटा का कहना है कि कल पेश होने वाले बजट से उद्यमियों तथा व्यापारियों को सरकार से काफी अपेक्षाएं हैं। एमएसएमई सेक्टर के विकास के लिए कई आकर्षक योजनाएं घोषित की जाएं।

श्री नाहटा ने कहा कि टैक्स स्लैब को संशोधित किया जाना चाहिए। जीएसटी की दर 12 प्रतिशत हो जाने से उद्यमी को बहुत बड़ी राहत मिलेगी और राजस्व में भी निश्चित तौर से बढ़ोतरी होगी। इसके अलावा एमएसएमई सेक्टर को मदद के लिए आर्थिक पैकेज की घोषणा की जानी चाहिए। उद्योगों के लिए मूलभूत ढांचा मजबूत होना चाहिए और सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए। उत्पादन बढ़ाने के लिए श्रमिकों के लिए कल्याणकारी योजनाएं जिसमें आवास व्यवस्था, कर्मचारी बीमा योजना में इलाज की सुविधा दुरस्त की जाए, उनके बच्चों को अच्छी और मुफ्त शिक्षा उपलब्ध होनी चाहिए। औद्योगिक क्षेत्रों में कानून व्यवस्था दुरस्त किया जाना अति आवश्यक है। हमे एमएसएमई वर्ग के लिए भाजपा सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले बजट में बहुत सारी उम्मीदें हैं और पूरा विश्वास है कि सरकार बहुत कुछ अच्छा करेगी।

उद्यमी तथा ज्योति रबर इंडस्ट्रीज के सीएमडी अभिषेक जैन का कहना है कि कल जारी होने वाले केन्द्रीय बजट-2025-26 में उद्योगों को काफी सहूलियत दी जाएं। उद्यमियों पर लगने वाले जीएसटी व अनावश्यक करों को कम किया जाए तथा उद्योगों व व्यापारियों को राहत व सुविधा दी जाए।

श्री जैन का कहना है कि बजट ऐसा हो जो निम्न वर्ग, मध्यम वर्ग तथा उद्योगों पर बोझ न साबित हो। पहले ही महंगाई की मार से जूझ रहे देश की जनता पर सरकार अनावश्यक बोझ न डाले। उनकी सलाह है कि बजट समावेशी होना चाहिए।

उप्र युवा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष व व्यापारी विकास जैन का कहना है कि कल आने वाले बजट से न सिर्फव्यापारी समाज बल्कि हर वर्ग को काफी उम्मीदे हैं। इस बजट में उद्योगों तथा व्यापार को जीएसटी व अन्य करों में छूट प्रदान की जाए तथा उन्हें सुविधाएं दी जाएं।

उद्यमियों को तथा युवा व्यापारियों को ब्याज रहित ऋण देने की घोषणा की जाए। वहीं व्यापारियों पर कोई अतिरिक्त बोझ न थोपा जाए बल्कि उनको राहत दी जाए जिससे उद्योग व्यापार उठ सके।

RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

(हम भीड़ मे दौड़ना नहीं जीतना सिखाते हैं)

कोड 0910011910
सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर-22, नोएडा 8750611103
*फीस ना के बराबर *नि:शुल्क एडमिशन फीस
केवल 10 महीने की मासिक फीस

## महाकुंभ में भगदड़

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर तड़के हुए हादसे में कुछ श्रद्धालुओं की मौत की घटना निश्चित रूप से दुर्भाग्यपूर्ण है। यूं तो अतीत में भी प्रयागराज, हरिद्वार, नासिक व उज्जैन के कुंभों के दौरान भी कई दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं हुई हैं, लेकिन सवाल है कि क्या हम अतीत के हादसों से कोई सबक ले पाए हैं? यूं तो उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा मेला प्रबंधन व सुरक्षा के चाकचौबंद बंदोबस्त के दावे किए गए थे, लेकिन मौनी अमावस्या की घटना ने यह दुखद स्थिति पैदा कर दी है। करोड़ों तीर्थयात्रियों का अचानक किसी धार्मिक आयोजन में पहुंचना निश्चित रूप से शासन व प्रशासन के लिये बड़ी चुनौती बन जाती है। लेकिन इसके बावजूद शासन-प्रशासन की प्राथमिकता दुर्घटना मुक्त आयोजन ही होना चाहिए। दरअसल, ऐसे आयोजनों में तीर्थयात्रियों की जल्दीबाजी और पहले स्नान करने की होड़ अकसर ऐसी भगदड़ पैदा कर देती है। जो बताती है कि हम सार्वजनिक जीवन में ऐसे बड़े आयोजनों में अनुशासित व्यवहार करने से चूक जाते हैं। दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम इस बात का भी संकेत है कि कुंभ के आयोजनों में पिछले बड़े हादसों के सबक हम पूरी तरह सीख नहीं पाए हैं। हालांकि, शासन-प्रशासन को इस बात का अंदाज था कि इस बार करोड़ों की भीड़ जुटेगी, लेकिन फिर भी कहीं न कहीं सावधानी में चूक तो हुई है। निस्संदेह, महाकुंभ का आयोजन भारतीय सनातन परंपरा का अटूट हिस्सा रहा है। बिना चिट्ठी व तार देश के कोने-कोने से तीर्थयात्री महाकुंभ में जुटते हैं। कल्पवास में संयमित जीवन से आध्यात्मिक लाभ अर्जित करते हैं। लेकिन बदलते वक्त के साथ यातायात के साधनों की उपलब्धता से ऐसे आयोजनों पर भीड़ का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। मीडिया की सक्रियता ऐसे आयोजन के प्रति अतिरेक आकर्षण पैदा कर देती है, जिससे श्रद्धालुओं का अप्रत्याशित सैलाब कुंभ नगरी की तरफ मुड़ जाता है। निश्चित रूप से समय के साथ आये सामाजिक बदलावों के मद्देनजर शासन-प्रशासन को महाकुंभ के आयोजन में अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत है। निश्चित रूप से महाकुंभ के आयोजन से जुड़े तंत्र को उन कारकों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए, जिसके चलते इस त्रासदी की छाया प्रयागराज महाकुंभ पर पड़ी। उन तमाम संभावनाओं पर विचार करने की जरूरत है जो कुंभ जैसे बड़े आयोजनों को दुर्घटनाओं से निरापद बनाने में सहायक हो सकती हैं। हालांकि, प्रयागराज महाकुंभ में एआई, ड्रोन व कंप्यूटरों के जरिये व्यापक सुरक्षा प्रबंधों की निगरानी की जा रही है, लेकिन अभी भी अफवाहों व भगदड़ की प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिये और अधिक प्रयास करने की जरूरत है। तीर्थयात्रियों को भी जागरूक करने की जरूरत है कि वे धैर्य के साथ अपनी स्नान की बारी का इंतजार करें। साथ ही अफवाहों व जल्दीबाजी से बचें। बताया जाता है कि प्रयागराज हादसे में भी कुछ तीर्थयात्रियों द्वारा स्नान में जल्दीबाजी करने तथा अखाड़ा मार्ग पर लगे बैरिकेड्स पर चढ़ने पर मची अफरातफरी को कारण बताया गया। लेकिन इसके बावजूद पुलिस व अधिकारियों की चूक को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। निश्चित रूप से वे भीड़ के मिजाज को समय रहते भांप लिया जाता तो शायद हादसे को टाला जा सकता। हालांकि, मृतकों के परिजनों व घायलों को मुआवजा देने की घोषणा की गई है। साथ ही न्यायिक जांच के भी आदेश दिए गए हैं। इसके बावजूद इस बात की गहन जांच जरूरी है कि स्थिति कैसे नियंत्रण से बाहर हो गई। यह एक निर्विवाद सत्य है कि गोपनीयता का पर्दा डालने से केवल अफवाहों व गलत सूचनाओं को ही बढ़ावा मिलता है। बहरहाल, आने वाले समय में श्रद्धालुओं को मनोवैज्ञानिक रूप से तैयार करने की भी जरूरत होगी कि वे अपने आसपास के घाट पर ही स्नान करके समान पुण्य अर्जित कर सकते हैं। यह भी कि संगम के सभी घाट समान रूप से पवित्र हैं। इससे चुनिंदा घाटों पर तीर्थयात्रियों का दबाव नहीं बनेगा। साथ ही श्रद्धालुओं को अनुशासित व्यवहार के लिये प्रेरित किया जाना भी बेहद जरूरी है। ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को टाला जा सके।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि शिवजी दो घड़ी तक ध्यान के रस ( आनंद ) में डूबे रहे, फिर उन्होंने मन को बाहर खींचा और तब वे प्रसन्न होकर श्री रघुनाथजी का चरित्र वर्णन करने लगे॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**झूठेउ सत्य जाहि बिनु जानें। जिमि भुजंग बिनु रजु पहिचानें॥**
**जेहि जानें जग जाइ हेराई। जागें जथा सपन भ्रम जाई॥**

जिसके बिना जाने झूठ भी सत्य मालूम होता है, जैसे बिना पहचाने रस्सी में साँप का भ्रम हो जाता है और जिसके जान लेने पर जगत का उसी तरह लोप हो जाता है, जैसे जागने पर स्वप्न का भ्रम जाता रहता है॥

**बंदउँ बालरूप सोइ रामू। सब सिधि सुलभ जपत जिसु नामू॥**
**मंगल भवन अमंगल हारी। द्रवउ सो दसरथ अजिर बिहारी॥**

मैं उन्हीं श्री रामचन्द्रजी के बाल रूप की वंदना करता हूँ, जिनका नाम जपने से सब सिद्धियाँ सहज ही प्राप्त हो जाती हैं। मंगल के धाम, अमंगल के हरने वाले और श्री दशरथजी के आँगन में खेलने वाले (बालरूप) श्री रामचन्द्रजी मुझ पर कृपा करें॥


**करि प्रनाम रामहि त्रिपुरारी। हरषि सुधा सम गिरा उचारी॥**
**धन्य धन्य गिरिराजकुमारी। तुम्ह समान नहिं कोउ उपकारी॥**

त्रिपुरासुर का वध करने वाले शिवजी श्री रामचन्द्रजी को प्रणाम करके आनंद में भरकर अमृत के समान वाणी बोले- हे गिरिराजकुमारी पार्वती! तुम धन्य हो! धन्य हो!! तुम्हारे समान कोई उपकारी नहीं है॥

(क्रमश:...)

# महाकुंभ के हृदयविदारक हादसे के लिए जिम्मेदार कौन?

प्रयागराज महाकुंभ के दौरान मौनी अमावस्या ब्रह्ममुहूर्त स्नान से ठीक पहले संगम नोज पर जुटी बेकाबू भीड़ की आपाधापी से जो भगदड़ मची और हृदय विदारक घटना घटी, उससे सनातन धर्म पुन: कलंकित हुआ है। इस अप्रत्याशित हादसे से एक बार फिर हमारा %धर्म अनुशासन% सवालों के घेरे में आ चुका है। साथ ही साथ भीड़ प्रबंधन सम्बन्धी प्रशासनिक तैयारियां भी, जिसको लेकर लाख प्रशासनिक दावे होते रहे हैं, जबकि एकाध घटनाएं ही उसकी तैयारियों की पूरी पोल खोल देती हैं।



**हालांकि, इस पूरे महाआयोजन की रिपोर्टिंग करने वहां पहुंचे पत्रकारों ने भी यदि श्रद्धालुओं की आवागमन सम्बन्धी बैरिकेटिंग, संगम नोज पर ठहरने और स्नान स्थल की कमी तथा रहन-सहन सम्बन्धी कमियों को पहले ही उजागर कर दिया होता तो प्रशासन को भी संभलने का मौका मिल जाता।**

इसलिए सुलगता सवाल है कि प्रयागराज महाकुंभ में भीड़ प्रबंधन की विफलता से हुए हृदयविदारक हादसे के लिए जवाबदेह कौन है? जिम्मेदार कौन है? आखिर ब्रेक के बाद जहां-तहां होते रहने वाली ऐसी रूह कंपा देने वाली घटनाओं को रोकने में हमारा प्रशासन अबतक नाकाम क्यों है और वह कबतक सक्षम हो पाएगा? या फिर कभी नहीं हो पाएगा, क्योंकि ऐसे मामलों में उसका ट्रैक रिकॉर्ड हमेशा खराब प्रतीत हुआ है।

फिलवक्त योगी सरकार ने प्रयागराज महाकुंभ हादसे की न्यायिक जांच करवाने के आदेश दे दिए हैं, ताकि यह पता चल सके कि इतनी बड़ी प्रशासनिक चूक कैसे हुई और उसके लिए कौन-कौन लोग जिम्मेदार है? क्योंकि इतने महत्वपूर्ण वैश्विक आयोजन में पहले हुई अग्निकांड की घटनाएं और फिर अनियंत्रित भीड़ से मची भगदड़ के चलते वहां की पूरी प्रशासनिक तैयारी भी एक बार पुन: सवालों के घेरे में आ चुकी है।

कहना न होगा कि वहां जो कुछ भी हुआ, वह भीड़ प्रबंधन सम्बन्धी प्रशासनिक विवेक के अकाल का परिचायक तो है ही, साथ ही साथ उसके त्वरित निर्णय लेने की क्षमता की अक्षमता को भी उजागर कर चुका है। जबकि वहां सीसीटीवी कैमरे, ड्रोन और हेलीकॉप्टर तक से निगहबानी हो रही है, ताकि त्वरित निर्णय लेते हुए स्थिति पर काबू पाया जा सके।

वहीं, सवाल यह भी है कि इस हादसे के बाद आवागमन व वीआईपी व्यवस्था सम्बन्धी जो नीतिगत बदलाव किए गए, वह पहले ही क्यों नहीं किए गए? चूंकि महाकुंभ सम्बन्धी तैयारियां महीनों पहले से चल रही थीं और करोड़ों लोगों के जुटने के पूर्वानुमान भी लगाए जा चुके थे। फिर भी वहां हुई प्रशासनिक तैयारी तो नाकाफी लगी ही, साथ ही साथ श्रद्धालुओं के लिए कष्ट प्रदायक भी महसूस हुई। क्योंकि उनमें बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और विकलांग लोगों की सहूलियत का कोई ख्याल नहीं रखा गया था। इसलिए हताहतों व घायलों की सूची में उनकी संख्या ज्यादा है।

स्थानीय प्रशासन के मुताबिक, इस घटना में जहां लगभग 30 श्रद्धालुओं को %अमरत्व% यानी देवलोक प्राप्त हो गया, वहीं लगभग 100 लोग कुचल जाने के कारण घायल हो गए, जिनका इलाज स्थानीय अस्पताल में किया जा रहा है। वहीं, मृतकों के शवों को पाने में भी परिजनों को काफी तकलीफें उठानी पड़ी हैं। जबकि इस भगदड़ में बिछुड़े हुए परिजनों की जो व्यथा-कथा दिखाई सुनाई पड़ी, वह भी विचलित करने वाली है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस दु:खद घटना ने जहां यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हृदय को द्रवित कर दिया, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी भावुक नजर आए। हालांकि, योगी सरकार ने पीड़ितों के दुःखों को कम करने के लिए कतिपय राहत उपाय भी घोषित किये हैं, जिसके मुताबिक मृतकों के परिजनों को 25-25 लाख रुपये प्रदान किये जायेंगे और घायलों को समुचित इलाज प्रदान किया जाएगा। इससे पीड़ित परिवारों को कुछ राहत भी मिली है।

हालांकि, इस पूरे महाआयोजन की रिपोर्टिंग करने वहां पहुंचे पत्रकारों ने भी यदि श्रद्धालुओं की आवागमन सम्बन्धी बैरिकेटिंग, संगम नोज पर ठहरने और स्नान स्थल की कमी तथा रहन-सहन सम्बन्धी कमियों को पहले ही उजागर कर दिया होता तो प्रशासन को भी संभलने का मौका मिल जाता। लेकिन इस विषय को नजरअंदाज करना लोगों पर भारी पड़ गया। इस नजरिए से प्रशासनिक खुफिया तंत्र को भी आप विफल मान सकते हैं।

जानकारों के मुताबिक, वहां मौजूद गड़बड़ी लगभग सबने जरूर देखी-सुनी होगी, लेकिन किसी ने भी उन कमियों को गंभीरता से नहीं लिया। क्योंकि यदि समय पर वहां व्याप्त अव्यवस्था की रिपोर्टिंग हुई होती तो महाकुंभ हादसे की इतनी बड़ी हृदयविदारक घटना नहीं घटती। चश्मदीद लोगों के मुताबिक, वहां समय पर कोई भी काम पूरा नहीं किया गया था। यहां तक कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को फटकार भी लगाई थी और काम जल्द पूरा करने का आदेश दिया था। लेकिन अपने देश के प्रशासन की जो गैरजिम्मेदार और उत्तरदायित्व विहीन शैली रही है, उससे महाकुंभ की तैयारियां भी अछूती नहीं बचीं।

लिहाजा, इस अप्रत्याशित घटना से पूरे विश्व में भारत को शर्मिंदगी झेलनी पड़ी है, जबकि इस वृहत आयोजन की प्रारंभिक सफलता को लेकर उसकी तारीफों के पुल बांधे जा रहे थे। लोगों के मुताबिक, जो कमियां पहले बताई जानी चाहिए थी, वह नहीं बताई गईं।

जैसे- पहला, जब से महाकुम्भ की शुरुआत हुई तबसे श्रद्धालुओं को 10-15 किलोमीटर पैदल चलना पड़ रहा था, जिससे बच्चे, बुजुर्गों और महिलाओं की परेशानी देखते ही बनती थी। इतना दूर चलने के दौरान उन पर गर्म कपड़ों व अन्य जरूरी सामानों का बोझ भी होता था।

दूसरा, वीआईपी विजिट के चक्कर में अधिकतर पूल और मार्ग बंद रखे जाते थे, जिससे आमलोगों को आवागमन में काफी तकलीफें हो रही थीं। तीसरा, आमलोगों के लिए टॉयलेट, पीने योग्य पानी, जैसी बुनियादी सुविधाएं भी उचित संख्या में उपलब्ध नहीं है।

चतुर्थ, स्थानीय रेलवे जंक्शन, बस स्टैंड से मेला क्षेत्र में जाने के लिए भीषण ट्रैफिक और व्याप्त अव्यवस्था से भी आमलोगों को काफी परेशानी होती है।

पंचम, वहां आम लोगों के लिए ठहरने की कोई माकूल व्यवस्था नहीं की गई है, और जो कुछ व्यवस्थाएं वहां की गई हैं, वो काफी महंगी हैं। जबकि सस्ते होटल या सस्ती व्यवस्था काफी दूर है। जबकि लोग-बाग एक रात संगम घाट पर किसी तरह से बिताना चाहते हैं।

इन बातों के मद्देनजर यह समझा जा सकता है कि प्रयागराज महाकुंभ हादसा एक अनहोनी थी, जो घट गई। इस दौरान वहां जो कुछ भी हुआ वह अत्यंत ही दुखद है। क्योंकि प्रयागराज कुंभ में भगदड़ मचने की वजह से असमय ही कुछ लोग काल-कवलित हो गए, जो दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। लेकिन महाकुंभ जैसे अपार जनभागीदारी वाले आयोजन को जिस सुव्यवस्थित तरीके से अब तक आयोजित किया गया, उसे किसी अनहोनी से कमतर नहीं करार दिया जा सकता। क्योंकि पहले अगलगी और फिर भगदड़ के मामले को स्थानीय प्रशासन ने जिस तीव्रता से नियंत्रित कर स्थिति को सामान्य बनाया, वह काबिलेगौर है और काबिलेतारीफ भी।

महाकुंभ यात्रा संपादित कर चुके लोगों ने बताया कि हमलोग दूरदराज से सपरिवार महाकुंभ गए, ट्रेन-बस-कार आदि से गए, वहां ठहरे और स्नान संपन्न कर लौट आए। वे सभी लोग उत्साह से परिपूर्ण थे, क्योंकि करोड़ों लोगों की आवाजाही के बावजूद कुम्भ नगरी की सफाई व अन्य व्यवस्था चकित करती थी। उनके लिए सबसे उल्लेखनीय प्रशासन व पुलिस का सहयोग था, जो किसी भी छोटे-बड़े सहयोग के लिए तत्पर दिखते थे।

यूँ तो इतने बड़े आयोजन में, दुनिया भर में अनेक ऐसे उदाहरण हैं जहाँ अनियंत्रित या अज्ञात भय से अव्यवस्था मची। लगभग उसी तरह से यहाँ भी भगदड़ मचने की वजह से कुछ लोगों की मौत हुई, जिसे प्रशासनिक चूक या अनहोनी दोनों के अंतर्गत रखा जा सकता है, यह जांच का विषय है।

बावजूद इसके, इस महाकुंभ में घटित आपदा में राजनीतिक या सामाजिक अवसर न खोजे जाएं। क्योंकि यह कुछ असामाजिक तत्वों का षड्यंत्र भी हो सकता है। इस नजरिए से कुछ मीडिया रिपोर्ट्स भी आई है और जांच भी हो रही है। यदि ऐसा कुछ हुआ है तो वह मानव सभ्यता के लिए शर्मिंदगी भरा कदम है।

कुछ लोगों की नजर में यदि प्रयागराज महाकुंभ में खामियां ही खामियां हैं तो फिर सवाल यह भी है कि अब तक उनके अनुसार लाख असुविधा के बावजूद भक्ति, श्रद्धा और पुण्य की त्रिवेणी में करोडों श्रद्धालुओं ने कैसे डुबकी लगाई क्योंकि श्रद्धालु तो अपने कष्टों की कभी शिकायत नहीं करते। जबकि, कुछ शिकायत सदैव पर्यटकों को ही होती है। देखा जाए तो परेशानी तो घर से निकलते ही शुरू हो जाती है, परंतु वैसी परेशानियों को यदि हम लेकर चले तो जीना मुश्किल हो जाएगा।

प्राप्त रिपोर्टों के मुताबिक, संगम तट पर जिस नोज की ओर जाने की मनाही थी, उसी ओर भीड़ बढ़ी। हालांकि वहां बैरिकेटिंग भी पर्याप्त था। फिर भी जिस तरफ स्नानार्थी सोये हुए थे, उसी दिशा में भीड़ बढ़ी और बैरिकेटिंग टूटने की वजह से भीड़ भरभराती हुई सोये हुए स्नानार्थियों पर ही गिर पड़ी और उन्हें कुचलते हुए आगे बढ़ गई। लिहाजा यह कहा जा सकता है कि इस प्रकार की परिस्थितियों को पर्याप्त जागरुकता व सतर्कता से ही बचाया जा सकता है।

इसके साथ यह भी कहा जा सकता है कि मीडिया को भी सकारात्मक या नकारात्मक दोनों ही स्थितियों में अतिवादी रिपोर्टिंग से बचना चाहिए। क्योंकि इस तरह के विशाल आयोजन में इस प्रकार की अनहोनी घटनाएं होने की संभावनायें हमेशा से बनी रहती हैं। जबकि सकारात्मक नजरिए से यह भी कहा जा सकता है कि प्रशासनिक राहत व बचाव दल त्वरित गति से सक्रिय हुआ और उपलब्ध हुआ। एम्बुलेंस की सक्रियता देखते ही बनी। प्रशासनिक सहानुभूति भी सराहनीय दिखी।

जानकारों के मुताबिक, भारत जैसे देश में एक बार जब किसी जगह पर भीड़ जमा होती है और उसमें धर्म का तड़का लग जाता है, तब वहां अव्यवस्था जरूर मचती है। हालांकि, महाकुंभ में मची भगदड़ के बाद अब स्थिति पूरी तरह से सामान्य हो गई है। पवित्र संगम तट पर हुई इस भगदड़ की घटना के बाद सुरक्षा और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोके जाने के लिए प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। जिसके तहत पूरे मेला स्थल को नो-व्हीकल जोन घोषित कर दिया है।

इसके अलावा, अब किसी भी वाहन को अंदर जाने की अनुमति नहीं होगी। इसके साथ ही कई बड़े बदलाव किए गए हैं। सभी वीवीआईपी पास 4 फरवरी तक रद्द कर दिए हैं। यह फैसला मौनी अमावस्या से पूर्व रात्रि में हुई भगदड़ के कारण लिया गया है। इतना ही नहीं, तमाम रास्तों को भी वन वे कर दिया गया है। कहने का तातपर्य यह कि अब श्रद्धालु एक ही रास्ते से आएंगे और दूसरे रास्ते से ही बाहर जाएंगे।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पूरे मेला क्षेत्र को नो-व्हीकल जोन घोषित कर दिया गया है। लिहाजा, आगामी 4 फरवरी 2025 तक सभी श्रद्धालुओं को पैदल ही चलकर गंगा तट और संगम क्षेत्र तक जाना होगा। वहीं, आसपास के जिलों से आने वाली बसों को रद्द कर दिया गया है। बताया गया है कि मेला प्रशासन के आदेश के बाद इन बसों चलाया जा सकता है।

मेले में ड्रोन के साथ ही हेलिकॉप्टर से निगरानी की जा रही है। इसमें संगम के साथ पूरे मेला परिसर पर नजर रखी गई है। इसमें कैमरे से लोगों को देखा जा रहा है और लाउड स्पीकर के जरिए दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं। वहीं, श्रद्धालुओं को अफवाहों से बचने को कहा गया है। खास बात यह है कि वीवीआईपी पास और वाहन पास की एंट्री पास सब कैंसिल कर दिए गए हैं। समझा जाता है कि आगामी 4 फरवरी के बाद नए आदेश जारी हो सकते हैं।

वहीं, शहर के अंदर भी एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड और नगर निगम के वाहन चल सकेंगे। जबकि क्राउड मैनेजमेंट के लिए अतिरिक्त अफसरों की तैनाती कर दी गई है। जहां-जहां श्रद्धालुओं की भीड़ ज्यादा होगी, वहां से उनकी सुरक्षित निकासी कराई जा रही है। वहीं, बसों और ट्रेनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को वापस भेजा जाएगा। इस नजरिए से 360 स्पेशल ट्रेनों को तमाम स्टेशनों से चलाया जा रहा है।

बता दें कि 13 जनवरी से शुरू हुए महाकुंभ में अब तक तकरीबन 19 करोड़ श्रद्धालु गंगा में डुबकी लगा चुके हैं। यह महाकुंभ 144 सालों में विशेष रूप से महत्व रखता है, और मौनी अमावस्या के दिन इसे लेकर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई, जिससे भगदड़ मच गई। वहीं, मची भगदड़ के बाद अब महाकुंभ के इस खास आयोजन को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था और ज्यादा कड़ी कर दी है और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी आवश्यक इंतजाम किए हैं। बता दें कि इस भगदड़ के बावजूद मौनी अमावस्या पर करीब 7.64 करोड़ लोगों ने त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई, जो एक नया कीर्तिमान बन चुका है।

**- कमलेश पांडेय**
**वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक**

## राशिफल

**माघ कृष्ण पक्ष द्वितिया** | **(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
व्यावसायिक उतार-चढ़ाव बना रहेगा। कोर्ट-कचहरी में हार का सामना करना पड़ सकता है।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
यात्रा करने से अभी बचें, क्योंकि लाभदायक नहीं होगा। भाग्य पर भरोसा करके कोई कार्य इन दिनों न करें।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। स्वास्थ्य मध्यम।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
स्वास्थ्य पर ध्यान दें। प्रेम, संतान की स्थिति मध्यम है। व्यावसायिक स्थिति में भी थोड़ा उतार-चढ़ाव बना रहेगा।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
शत्रु इस समय बड़े एक्टिव रहेंगे। नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। स्वास्थ्य नरम-गरम रहेगा।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
मानसिक दबाव बना रहेगा। प्रेम में एक नकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। विद्यार्थियों के लिए भी थोड़ा मध्यम समय रहेगा।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
घरेलू सुख बाधित होगा। गृह कलह के बड़े संकेत हैं। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम, संतान ठीक है।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
व्यावसायिक उतार-चढ़ाव बना रहेगा। अभी कोई नए व्यापार की शुरुआत न करें। स्वास्थ्य मध्यम।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
मुख रोग के शिकार हो सकते हैं। निवेश अभी वर्जित रहेगा। प्रेम, संतान मध्यम। व्यापार भी मध्यम।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है। प्रेम, संतान भी मध्यम। व्यापार एक नकारात्मक सोच से न चलाएं इन दिनों।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
मन चिंतित रहेगा। अज्ञात भय सताएगा। सर दर्द, नेत्र पीड़ा संभव है। व्यापार ठीक है। प्रेम, संतान भी ठीक है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
आय में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। बच्चों की सेहत पर ध्यान दें। प्रेम में तू-तू, मैं-मैं से बचें।

# दादरी में पीडीए का जनपंचायत का आयोजन




**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** दादरी में समाजवादी पार्टी द्वारा पीडीए जन पंचायत पखवाड़े के अंतर्गत गुरुवार को युवा सपा नेता हारून सैफी के संयोजन में नई आबादी दादरी में पीडीए जन पंचायत का आयोजन किया गया। इस मौके पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने कहा कि भाजपा के शासन काल में जनता के हितों कि अनदेखी कि जा रही है। बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से आज गरीब, मजदूर, किसान, व्यापारी सभी परेशान है, लेकिन ये तानाशाह सरकार किसी की नहीं सुन रही है। भाजपा का जनता की बुनियादी समस्याओं से कोई लेना- देना नहीं है। वह तो केवल अपने राजनैतिक हित के लिए जनता को गुमराह करने का काम करती है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा पिछड़े और दलितों के हक छीनने का काम किया जा रहा है। सरकार आरक्षण को खत्म करने की साजिश कर रही है और कहा कि समाजवादी सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाली और विकास करने वाली पार्टी है और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यकों एवं शोषित वर्ग की आवाज को बुलंद कर रहे हैं।

इस मौके पर मुख्य रूप से गजराज नागर चेयरमेन, महासचिव सुधीर तोमर, मेहंदी हसन, दीपक देवटा, जगबीर नंबरदार, राहुल आर्यन, मोहित नागर, रजनीकांत भारद्वाज, अनीस अहमद, सुमित भारती, करतार चौहान, नसरुद्दीन मलिक,, जुल्फिकार मलिक, जाकिर मुनिरी, राशिद सिद्दीकी इमरान सिद्दीकी, हाजी शौकीन कुरेशी, हाजी गुलज़ार, इमरान मलिक, जहीर सैफी, सानू मलिक, सुहैल मलिक आज़म मेवाती आदि लोग मौजूद रहे।

# प्रत्याशी के समर्थन में नुक्कड़ सभा आयोजित



**नई दिल्ली ( चेतना मंच )।**

बदरपुर विधानसभा क्षेत्र में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई–एम) के उम्मीदवार कॉमरेड जगदीश चंद्र के समर्थन में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एक जनसभा आयोजित की गई। इस अभियान में सीपीआई (एम) के कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

नुक्कड़ नाटक के दौरान आम जनता से सीधा संवाद स्थापित किया गया और उन समस्याओं पर चर्चा की गई, जो रोज़मर्रा की चुनौतियों का रूप ले चुकी हैं।

नुक्कड़ नाटक में महंगाई, बेरोज़गारी, शिक्षा और स्वास्थ्य की बदहाल स्थिति, तथा समाज में समानता की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया गया। ये मुद्दे केवल सरकार की ही नहीं, बल्कि हर नागरिक की चिंता का विषय हैं।

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी का मानना है कि समाज के हर वर्ग मजदूर, किसान, गरीब को समान अधिकार और अवसर मिलने चाहिए। हमारी मांग है कि सरकारी नीतियाँ जनहित में हों, ताकि प्रत्येक व्यक्ति को बेहतर जीवन जीने का अवसर प्राप्त हो।

इस प्रचार अभियान का नेतृत्व सीपीआई (एम) के नेता कॉमरेड कविता शर्मा, पी.वी. अनियन, आशा यादव, मलखान सैफी, राम स्वारथ, रीना, सुरेश मिश्रा, गंगेश्वर दत्त शर्मा, सुबीर बनर्जी, शफीक, आनंद, सोनिया वर्मा आदि ने किया। नुक्कड़ नाटक का मंचन जन नाट्य मंच, दिल्ली के कलाकारों द्वारा किया गया।

# फ्लैट दिलाने के नाम पर महिला से दो लाख ठगे

**साहिबाबाद।** शालीमार गार्डन के डीएलएफ कॉलोनी निवासी साइना खान ने दिलशाद एक्सटेंशन दो निवासी दीपक पाराशर पर तीन लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। साइना खान का आरोप है कि दीपक पाराशर ने उन्हें फ्लैट दिलाने का वादा किया था। इसके बाद सिक्योरिटी के नाम पर तीन लाख रुपये हड़प लिए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साइना खान ने पुलिस को बताया कि दीपक पाराशर ने उन्हें फ्लैट दिलाने की बात कही थी। इसके लिए सिक्योरिटी बतौर चार लाख रुपये जमा कराए थे। जो फ्लैट प्रॉपर्टी डीलर ने उन्हें दिखाए वह पसंद नहीं आए। आरोप है कि उन्होंने प्रॉपर्टी डीलर से सिक्योरिटी मनी के तौर पर जमा कराए रुपये वापस मांगे। रकम न मिलने पर उन्होंने पुलिस से शिकायत कर दी। इसके बाद प्रॉपर्टी डीलर ने उन्हें दो बार में दो लाख रुपए लौटा दिए और बाकी रुपए जनवरी में लौटाने का समझौता किया।

# संगोष्ठी का आयोजन 1 फरवरी को

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** जनपद दीवानी एवं फौजदारी बार एसोसिएशन 1 फरवरी को अपराह्न 3 बजे से बार और बेंच के मध्य समन्वय स्थापित कर 20 से 30 वर्ष पुराने वादों के शीघ्र निस्तारण में आने वाली व्यावहारिक समस्याओं के समाधान हेतु अधिवक्ताओं एवं वादकारियों के हित में एक संगोष्ठी (सेमिनार) का आयोजन किया गया है। इस संगोष्ठी में आपके बहुमूल्य सुझावों के आधार पर एक ठोस कार्ययोजना तैयार की जाएगी। यह कार्यक्रम बार रूम में आयोजित होगा, जिसमें माननीय जिला न्यायाधीश, अन्य न्यायिक अधिकारीगण, पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे।

# मंगलमय परिवार न्यास की विशाल कलश यात्रा

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा में विजय कौशल महाराज की श्रीराम कथा के लिए आज कलश यात्रा निकाली गई। यह राम कथा सेक्टर–21 नोएडा स्टेडियम में एक फरवरी से शुरू होगी। आज सुबह मंगलमय परिवार न्यास द्वारा भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया।

आयोजन समिति के अध्यक्ष महेश गुप्ता ने बताया कि श्रीराम कथा के लिए कलश यात्रा स्टेडियम के गेट नंबर–6 से शुरू होकर सेक्टर–22 होते हुए एडोब चौराहे से होती हुई गेट नंबर–4 से कथा के मुख्य यजमान नैवेद्य शर्मा के नेतृत्व में कथा स्थल पहुंची।

कलश यात्रा में लगभग 251 सुहागवती महिलाएं सर पर कलश उठाकर चली। इस कलश यात्रा में सांसद प्रतिनिधि संजय बाली, नेवैद्य शर्मा, परमात्मा शरण बंसल, धर्मपाल गोयल, एन के अग्रवाल, एस एन गोयल, प्रमोद शर्मा, संजय गोयल, संजय गुप्ता, संदीप अग्रवाल, बलराज गोयल , महेंद्र शाह, विमल अग्रवाल, मुकुल वाजपेयी, राजीव अजमानी, संदीप तायल, अजय पुन्डीर, विनय अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



## पृष्ठ एक के शेष....

**प्रयागराज के बाद...**

प्रयागराज में मौनी अमावस्या पर स्नान करने के बाद श्रद्धालु सीधे रामनगरी पहुंच रहे हैं। आंखों में श्रद्धा व सिर पर गठरी लिए श्रद्धालुओं का रेला उमड़ पड़ा है। सुबह चार बजे सरयू के घाटों पर स्नान शुरू हो गया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने हनुमानगढ़ी व राम मंदिर का रुख किया। आराध्य के दर्शन पाने को श्रद्धालु देर रात तक कतारबद्ध दिखे। एडीजी जोन, मंडलायुक्त गौरव दयाल, आईजी प्रवीण कुमार, डीएम चंद्र विजय सिंह ने बिड़ला धर्मशाला से लता चौक तक पैदल चलकर श्रद्धालुओं से बातचीत की व सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

**बिग बॉस्केट स्टोर...**

द्वारा व्यक्तियों पर शक होने पर पीछा कर रोकने का प्रयास किया गया। कार सवार बदमाशो ने खुद को घिरता देख उनमें से दो बदमाश कार से उतरते हुये भागने लगे और पुलिस पार्टी के ऊपर फायर किया। पुलिस पार्टी द्वारा की गयी जवाबी कार्यवाही में दोनों बदमाश गोली लगने से घायल हो जिन्हें गिरफ्तार किया गया। इनकी पहचान अजीत कुमार पुत्र सुभाष चन्द निवासी ग्राम सिघर्र थाना सासनी जिला हाथरस हाल पता ग्राम जलपुरा थाना ईकोटेक–3 जिला गौतमबुद्धनगर, विशाल पुत्र महेश पाल निवासी ग्राम बरकातपुर थाना हरदुआगंज जिला अलीगढ के रूप में हुयी है तथा इनके अन्य चार भागे हुये साथियों को कॉम्बिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया, जिनके नाम देशराज उर्फ लुक्का पुत्र सुभाष चन्द निवासी–ग्राम सिघर्र थाना सासनी जिला हाथरस हाल पता ग्राम जलपुरा थाना ईकोटेक–3 जिला गौतमबुद्धनगर जिला हाथरस, धीरज पुत्र सतीश निवासी ग्राम समस्तपुर कीरत थाना मडराक जिला अलीगढ, मोहित पुत्र विजय सिंह निवासी मोहन गढी सलूका थाना शकरौली जिला एटा एवं संदीप कुमार पुत्र राजन लाल निवासी ग्राम मालकापुरवा थाना रसूलाबाद जिला कानपुर देहात हाल पता जनता फ्लैट पर्थला थाना सैक्टर–113 नोएडा गौतमबुद्धनगर है। बदमाशों के कब्जे से 5 एप्पल कम्पनी के स्मार्ट फोन कीमत लगभग 6 लाख, 2 एप्पल स्मार्ट वॉच कीमत करीब 60 हजार, 1 एप्पल कम्पनी के ईयर वर्ड्स कीमत करीब 6 हजार, एक ग्राइन्डर कटर, दो तमंचे 315 बोर मय 2 जिन्दा कारतूस तथा 2 खोखा कारतूस 315 बोर, एक घटना में प्रयुक्त कार टोयोटा कोरोला एल्टिस रजि0नं0 यूपी 16 ईटी 6560 बरामद हुई है। घायल अभियुक्तों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

गिरफ्तारअजीत व मोहित ने बताया कि हम बिग बास्केट के स्टोर में पहले कार्य करते थे। हम लोगों के गलत व्यवहार के कारण दिसम्बर 2024 में बिग बास्केट स्टोर से नौकरी से निकाल दिया गया था। जिससे नाराज होकर अजीत व मोहित ने अपने अन्य साथियों के साथ योजना बनाकर 6 जनवरी 2025 की रात्रि करीब 12 बजे बिग बास्केट स्टोर बिसरख में अंदर घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था।

# फिल्म अभिनेत्री ममता कुलकर्णी को महामंडलेश्वर बनाए जाने पर किन्नर अखाड़े में गहराया विवाद

**प्रयागराज( एजेंसी )।** फिल्म अभिनेत्री ममता कुलकर्णी को महामंडलेश्वर बनाए जाने के बाद किन्नर अखाड़े में घमासान मच गया है। चर्चा है कि अखाड़े के कई संतों ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई है। माना जा रहा है कि कुलकर्णी को महामंडलेश्वर बनाने के फैसले को लेकर किन्नर अखाड़े की आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी के खिलाफ कार्रवाई हो सकती है।

अभिनेत्री ममता कुलकर्णी को महामंडलेश्वर की पदवी दिए जाने को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। इस फैसले के खिलाफ किन्नर अखाड़े के भीतर ही विरोध तेज हो गया है। अखाड़े के संस्थापक अजय दास और आचार्य महामंडलेश्वर डॉ. लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी इस मुद्दे पर आमने-सामने आ गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अजय दास ने लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी को उनके पद से मुक्त करने की तैयारी कर ली है।



इस पूरे विवाद पर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने कहा है कि अजय दास को कार्रवाई करने का कोई अधिकार नहीं है, क्योंकि वह स्वयं किसी पद पर नहीं हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि अजय दास को पहले ही अखाड़े से निष्कासित किया जा चुका है।

सूत्रों के अनुसार, किन्नर अखाड़े के भीतर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी को आचार्य महामंडलेश्वर पद से हटाने की तैयारी चल रही है। इसे लेकर अखाड़े के संतों के बीच चर्चा जोरों पर है। संस्थापक अजय दास ने किसी बड़ी कार्रवाई की संभावना जताई है, जिसकी घोषणा आज दोपहर बाद की जा सकती है। पूरे विवाद पर किन्नर अखाड़ा आज प्रेस वार्ता भी कर सकता है, जिसमें किसी महत्वपूर्ण निर्णय की घोषणा की जा सकती है।

इस आयोजन में जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर गर्गाचार्य मुचकुंद, पीठाधीश्वर स्वामी महेंद्रानंद गिरि, महामंडलेश्वर स्वामी जय अंबानंद गिरि, किन्नर अखाड़ा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी पार्वती नंद गिरि, महामंडलेश्वर मनिकंडन, प्रदेश अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी कौशल्यानंद गिरि, महामंडलेश्वर स्वामी कल्याणीनंद गिरि समेत कई अन्य संत उपस्थित रहे।

## किन्नर अखाड़े में बने चार नए महामंडलेश्वर

गुरुवार को किन्नर अखाड़े में चार महामंडलेश्वर और चार श्रीमहंत नियुक्त किए गए। इन सभी की धार्मिक क्रियाएं आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी की अगुवाई में संपन्न कराई गईं।

**नए महामंडलेश्वर–**
शंकरानंद गिरि (महाराष्ट्र)
स्वरूपा भारती (राजस्थान)
यशोधानंद गिरि
नारायणी नंद गिरि (पुणे)
सतीनंद गिरि

**नए श्रीमहंत–**
भैरवी नंद गिरि (दिल्ली)
सरस्वती नंद गिरि
दिव्यानी नंद गिरि (दिल्ली)
हरिहर नंद गिरि




रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

कुम्भ मेला साप्ताहिक विशेष रेलगाड़ी

महाकुम्भ–2025 के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा पूर्व घोषित विशेष रेलगाड़ियों के साथ–साथ निम्नलिखित साप्ताहिक विशेष रेलगाड़ी का संचालन भी निम्न विवरण के अनुसार किया जाएगा :–

रेलगाड़ी सं. 02421/02422 सूबेदारगंज-दिल्ली जं.- सूबेदारगंज सुपरफास्ट कुम्भ मेला साप्ताहिक विशेष रेलगाड़ी — 08 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 02421 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 02422 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | ↓ ↑ | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 21:35 | सूबेदारगंज | 19:40 | ---- |
| 22:45 | 22:47 | फतेहपुर | 17:18 | 17:20 |
| 00:15 | 00:20 | गोविन्दपुरी | 16:00 | 16:05 |
| 02:00 | 02:02 | इटावा जं. | 13:50 | 13:52 |
| 03:33 | 03:35 | टूण्डला जं. | 12:43 | 12:45 |
| 04:45 | 04:47 | अलीगढ़ जं. | 11:35 | 11:37 |
| 08:55 | ---- | दिल्ली जं. | ---- | 09:30 |

चलने के दिन : 02421 सूबेदारगंज जं. से प्रत्येक रविवार दिनांक 09.02.2025 से 02.03.2025 तक एवं 02422 दिल्ली जं. से प्रत्येक सोमवार दिनांक 10.02.2025 से 03.03.2025 तक
स्थान: 3 टियर वातानुकूलित, शयनयान एवं सामान्य

रेलयात्रियो से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
340/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।


डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी–9, सेक्टर–3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए–131 सेक्टर–83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक–रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

# मुख्य सचिव और डीजीपी ने महाकुम्भ में घटी घटना का किया स्थलीय निरीक्षण





**महाकुम्भ नगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर गुरुवार को मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार ने महाकुम्भ में घटी घटना का स्थलीय निरीक्षण किया और फिर समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्य सचिव और डीजीपी दोनों ही शीर्ष अधिकारियों ने स्पष्ट रूप से कहा कि इस बार महाकुम्भ को लेकर जो तैयारियां की गई थीं उसकी दुनिया भर में सराहना हो रही है। दुर्भाग्य से ये घटना हो गई, लेकिन इसके बावजूद हमें मोरल डाउन नहीं करना है और बिल्ड इट बेटर की भावना से काम करते हुए आगामी अमृत स्नान को जीरो एरर बनाते हुए श्रद्धालुओं के लिए महाकुम्भ में स्नान और आवागमन को यादगार बनाना है।

डीजीपी उत्तर प्रदेश प्रशांत कुमार ने कहा कि बुधवार रात में जो घटना घटी है, उससे हर कोई दुखी है। मुख्यमंत्री स्वयं घटना के बाद से भावुक हैं। उन्होंने बुधवार तड़के से ही मीटिंग में बुलाया और लगातार 12 घंटे तक पल-पल की मॉनीटरिंग करते रहे। 10 मिनट का भी उन्होंने रेस्ट नहीं लिया। उनके लिए यह घटना शॉकिंग थी, क्योंकि उन्होंने अपनी तरफ से व्यवस्था को बेहतर से बेहतर बनाने में कोई कमी नहीं छोड़ी। अब हमें बसंत पंचमी के अमृत स्नान को जीरो एरर बनाना है। इसके लिए यदि एक्सपर्ट्स की मदद लेनी हो तो ली जाए। उन्होंने कहा कि जिन स्थलों पर सर्वाधिक भीड़ है, वहां ज्यादा से ज्यादा अधिकारी फोर्स के साथ मौजूद रहें। बॉर्डर एरिया में एसपी स्तर के अधिकारियों को तैनात किया जाए।

मुख्य सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री जी ने हादसे को लेकर ज्यूडिशियल इंक्वायरी के लिए कमीशन गठित कर दिया है। हमें यहां पर आगे की व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए भेजा गया है। जो हादसा हुआ है, उसे झुठलाया नहीं जा सकता। लेकिन अब हमें आगे की ओर देखना होगा। बसंत पंचमी को होने वाले अमृत स्नान को हमें श्रद्धालुओं के लिए बेहतर से बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करनी होंगी, ताकि उनके लिए यह अवसर यादगार बन जाए।

उन्होंने कहा कि इस बार जितनी शिद्दत से महाकुम्भ की तैयारी की गई थी, उतनी बेहतर तैयारी कभी नहीं की गई। फंड्स और मैनपावर की कोई कमी नहीं रखी गई है। इक्विपमेंट्स हों या किसी भी तरह की मांग रही हो, प्राथमिकता के आधार पर तत्काल सैंक्शन किया गया है। सभी ने बहुत मेहनत की है। ये दुर्भाग्य है कि इतनी तैयारियों के बावजूद दुर्घटना हो गई। इसका सबसे बड़ा कारण अत्यधिक भीड़ का होना है। अब हमें आगे की ओर देखना है। मनोबल कम नहीं होने देना है। जो भी तैयारी करनी है कर लीजिए, आपके पास दो दिन हैं। हमें श्रद्धालुओं के लिए इस अमृत स्नान को यादगार बनाना है।

मुख्य सचिव ने कहा कि आने वाले अमृत स्नान पर हमें संगम नोज पर अत्यधिक भीड़ को जाने से रोकना होगा। लोगों को रोकने के लिए कई स्तरों पर बैरीकेडिंग किए जाएं। डायवर्जन प्लान को लागू किया जाए। मुख्यमंत्री जी ने व्यवस्थाओं को और दुरुस्त करने के लिए कुछ और सीनियर अधिकारियों को यहां भेजा है। ये अधिकारी आपकी मदद करेंगे। मिलकर आगे की योजना बनाएं और तीर्थ यात्रियों के लिए अधिकतम सुविधाएं सुनिश्चित करें। उनके नहाने और आवागमन का अनुभव कभी न भूलने वाला होना चाहिए।

मुख्य सचिव ने सैनिटेशन को लेकर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि मेले के अंदर कहीं भी गंदगी नहीं होनी चाहिए। अधिकारी खड़े होकर साफ सफाई सुनिश्चित कराएं। पूरी टीम फील्ड पर नजर आनी चाहिए। अमृत स्नान के दौरान जो भी गंदगी हुई है, उसे तुरंत क्लियर किया जाए। डस्टबिन में नए लाइनर बैग लगाना सुनिश्चित करें। सफाई कर्मियों को शिफ्ट वाइज तैनात किया जाए। मेले के बाहर शहर में भी साफ सफाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने ये भी निर्देश दिया कि जिस अधिकारी को सैनिटेशन की जिम्मेदारी दी जाए, उसे कोई और जिम्मेदारी न दी जाए, क्योंकि स्वच्छ महाकुम्भ मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकता में है।

मेलाधिकारी विजय किरण आनंद ने बताया कि मौनी अमावस्या के अमृत स्नान को लेकर अभूतपूर्व तैयारियां की गई थीं। सभी पार्किंग सक्रिय थीं। रेलवे स्टेशन पर मूवमेंट स्मूथली चल रहा था। जोनल प्लान लागू किया गया। सारे घाटों को यूटिलाइज किया गया। डायवर्जन प्लान को रात से ही लागू कर दिया गया था। पब्लिक एड्रेस सिस्टम बेहतरीन कार्य कर रहा था, जबकि आईसीसीसी का फीडबैक महत्वपूर्ण रहा। बसंत पंचमी के अमृत स्नान को लेकर इस बार स्ट्रैटेजिक डेप्लायमेंट किया जाएगा। जोनल प्लान को भी लागू करेंगे, ताकि जो जहां पर आए वहीं स्नान करे।

समीक्षा बैठक में यूपीपीसीएल के चेयरमैन आशीष गोयल, प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात, एडीजी भानु भास्कर, कमिश्नर विजय विश्वास पंत, पुलिस आयुक्त तरुण गाबा, डीआईजी वैभव कृष्ण, एसएसपी राजेश द्विवेदी मौजूद रहे।

# अमृत स्नान व सभी प्रमुख स्नान पर्वों पर वीआईपी मूवमेंट प्रतिबंधित

## योगी सरकार ने वसंत पंचमी, माघ पूर्णिमा व महाशिवरात्रि पर आम श्रद्धालुओं की स्मृतियों को यादगार बनाने के लिए उठाया कदम

**महाकुम्भनगर।** महाकुम्भ-2025 में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के साथ-साथ वीआईपी और वीवीआईपी भी त्रिवेणी संगम में स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित करने आ रहे हैं। हालांकि, अमृत स्नान और प्रमुख स्नान पर्वों पर इस तरह के प्रोटोकॉल पर योगी सरकार ने प्रतिबंध लगा दिया है। सीएम योगी की मंशा के अनुसार, अमृत स्नान व प्रमुख स्नान पर्वों पर तथा इसके समीप की तिथियों पर प्रशासन द्वारा किसी प्रकार का वीआईपी प्रोटोकॉल लागू नहीं होगा। योगी सरकार की ओर से मेले की शुरुआत से पहले ही इसकी घोषणा की गई थी। अब इस फैसले को सख्ती से लागू किए जाने की पहल की गई है। उल्लेखनीय है कि महाकुम्भ मेला-2025 के प्रारंभ में ही योगी सरकार ने अमृत स्नान व प्रमुख स्नान पर्वों पर तथा उसके एक दिन पहले व एक दिन बाद की तिथियों पर वीआईपी मूवमेंट रोकने को लेकर एक सर्कुलर जारी किया था।



योगी सरकार की इस पहल के जरिए आम श्रद्धालुओं को स्नान पर्व के अवसर पर यादगार अनुभव उपलब्ध कराया जा सकेगा, जहां वह वीआईपी मूवमेंट के कारण हुई असुविधा, मार्ग परिवर्तन, बाधा और रोक से हटकर चिंतामुक्त होकर स्नान व यात्रा कर सकेंगे। जारी सर्कुलर में इस बात का साफ उल्लेख किया गया है कि अमृत स्नान समेत सभी प्रमुख स्नान पर्वों व उसके आसपास के दिनों में वीआईपी मूवमेंट पर रोक रहेगी। ऐसे में, वसंत पंचमी, माघ पूर्णिमा और महाशिवरात्रि तथा उसके एक दिन पहले व एक दिन बाद तीर्थराज प्रयागराज में मूवमेंट के इच्छुक वीआईपी व वीवीआईपी डेलिगेशन को वीआईपी प्रोटोकॉल नहीं मिल सकेगा। इतना ही नहीं, योगी सरकार ने सर्कुलर में ये भी स्पष्ट किया है कि वीआईपी व वीवीआपी मूवमेंट को लेकर एक सप्ताह पहले ही सूचना उपलब्ध करानी होगी। इससे, ऐन वक्त पर निर्धारित होने वाले वीवीआईपी व वीआईपी मूवमेंट पर भी नकेल कसने में मदद मिलेगी, जिससे स्नानार्थियों व श्रद्धालुओं को होने वाली असुविधा से बचाने में मदद मिलेगी। इसी के साथ, वसंत पंचमी, माघ पूर्णिमा और महाशिवरात्रि के स्नानों पर श्रद्धालुओं को प्रस्तावित भारी भीड़ के बीच लोगों से धैर्य बनाए रखने की विनती करते हुए इन तिथियों व इसके आसपास लोगों को इन तिथियों पर ऐहतियात बरतने की अपील भी की गई है।

# तीर्थराज के घाटों पर विशाल 'जन-प्रयाग' को लेकर प्रशासन मुस्तैद

**महाकुम्भनगर।** महाकुम्भ-2025 में गुरुवार को त्रिवेणी संगम समेत सभी स्थायी व अस्थायी घाट भक्तों व स्नानार्थियों से सराबोर हुए दिखे। इनमें से बहुतायत उन लोगों की संख्या भी थी जिन्होंने बुधवार को भारी भीड़ के कारण स्नान न करके गुरुवार को गुप्त नवरात्रि की प्रतिपदा के फलस्वरूप स्नान को प्राथमिकता दी। स्नान के साथ ही देश-दुनिया से आए श्रद्धालू महाकुम्भ में स्थानीय प्रशासन और योगी सरकार के प्रयासों की तारीफ करते दिखे। उल्लेखनीय है कि स्थानीय मेला प्रशासन ने भी वसंत पंचमी, माघ पूर्णिमा और महाशिवरात्रि के स्नानों पर श्रद्धालुओं को प्रस्तावित भारी भीड़ के बीच लोगों से धैर्य बनाए रखने की विनती करते हुए इन तिथियों व इसके आसपास लोगों को ऐहतियात बरतने की अपील की है।

गुरुवार को स्नान कर रहे स्नानार्थियों के चेहरों पर लंबी यात्रा की थकान तो दिखी, मगर उनके उत्साह और उल्लास में कोई कमी नजर नहीं आई। संगम नोज के साथ ही झूंसी व अरैल की तरफ बने कच्चे व पक्के स्नान घाटों पर भी विशाल जन-प्रयाग देखने को मिला। भक्तों के उल्लास-उमंग का आलम यह था कि रह-रहकर हर-हर महादेव, जय गंगा मइया, जय श्री राम के उद्घोष के साथ ही मोदी-योगी के नारे भी लग रहे थे। सभी स्नानार्थियों का एक मत था कि मौजूदा महाकुम्भ की दिव्यता डबल इंजन सरकार की देन है। डबल इंजन सरकार ने सनातन के मूल्यों का सम्मान कर उसे जिस शिखर पर आरूढ़ किया है यह किसी और सरकार की बस की बात नहीं थी। यह पीएम मोदी के विजन और सीएम योगी के कुशल क्रियान्वयन के कारण ही संभव हो सका है। इतना ही नहीं, प्रशासन के कुशल प्रबंधन और आपदा की घड़ी में की गई तीव्र गति से कार्रवाई की भी लोगों ने प्रशंसा की है।

नागपुर से परिवार समेत आए मुकेश भगत ने बताया कि अरैल साइड से प्रयागराज में प्रवेश करने के बाद भारी भीड़ के कारण उन्हें किला घाट पहुंचने में मुश्किल तो हुई, मगर पवित्र जलधारा में डुबकी लगाते ही उनमें नई ऊर्जा का संचार हुआ। वहीं, संगम नोज पर पानीपत से स्नान करने आए घनश्याम का कहना है कि ये हमारे जन्मों का फल तो है ही, साथ ही यह पुरखों के पुण्य कर्मों का फल है कि इस पवित्र अवसर का साक्षी बनने और पुण्य की डुबकी लगाने का अवसर उन्हें प्राप्त हुआ। राजस्थान के सीकर से आए रामअवतार चौधरी का भी यही मानना था। उन्होंने कहा कि गंगा के शीतल जल ने जैसे ही शरीर को स्पर्श किया, ऐसा लगा मानो सारी थकान और सारे व्यवधान पल भर में गायब हो गए।

गुरुवार को स्नान करने के लिए देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं के साथ ही स्थानीय जनता की भी अपार भीड़ उमड़ी। कई भक्त लंबी यात्रा से थके हुए दिखे, उनके पैरों में छाले भी उभर आए मगर इन सभी अड़चनों को पार पाकर स्नान के उपरांत इन सभी के चेहरों पर अपार आस्था, सुकून और अलौकिक क्षण के साक्षी बनने का भाव दिखा।

# तीसरे अमृत स्नान की अखाड़ों ने शुरू की तैयारी

**महाकुम्भ नगर।** प्रयागराज महाकुम्भ के तीसरे अमृत स्नान के लिए अखाड़ों ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। अखाड़ों की तरफ से बसंत पंचमी स्नान करने आ रहे श्रद्धालुओं के लिए अपील भी जारी की गई है। अखाड़ों ने महा कुम्भ में 29 जनवरी को घटी घटना को लेकर सियासी दलों द्वारा दिए जा रहे बयानों पर भी नाराजगी जाहिर करते हुए नेताओं को नसीहत दी है। मौनी अमावस्या के अमृत स्नान के बाद अब सभी अखाड़ों में बसंत पंचमी के अमृत स्नान के लिए अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं।



अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी का कहना है कि मौनी अमावस्या में परिस्थितियों की वजह से अखाड़ों ने अपने पूर्ण वैभव और लाव लश्कर के साथ अमृत स्नान नहीं किया था लेकिन बसंत पंचमी का अमृत स्नान सभी अखाड़े पूरी दिव्यता और भव्यता के साथ करेंगे। आचार्यों के रथ और महा मंडलेश्वरों के सिंहासन फूलों की लड़ियों से सजाए जाएंगे। गाजे बाजे के साथ नागा संन्यासियों के लम्बे जुलूस इसकी शोभा बढ़ाएंगे। श्री पंच दशनाम आवाहन अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी प्रकाशानंद का कहना है कि उनके अखाड़े के आचार्य महा मंडलेश्वर स्वामी अरुण गिरी महराज स्वर्ण सिंहासन पर विराजमान होकर बसंत पंचमी का अमृत स्नान करने जाएंगे।

## मौनी अमावस्या में हुए हादसे पर सियासी बयान बाजी पर दर्ज की नाराजगी

प्रयागराज महाकुम्भ में मौनी अमावस्या के स्नान पर्व के हादसे को लेकर सियासी दलों द्वारा दी जा रही प्रतिक्रिया आए बयानबाजी पर अखाड़े के संतो में गहरी नाराजगी है। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी का कहना है कि जिस तरह से शासन प्रशासन ने पूरी व्यवस्था को संभाला वह प्रशंसनीय है। ऐसे अवसर पर आने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ की भी जिम्मेदारी है कि वह संयम और प्रशासन के निर्देशों का पूरी तरह पालन करे। सियासी दलों को ऐसे विषयों पर गैर जिम्मेदाराना बयान नहीं देने चाहिए। उनका यह भी कहना है कि जिस तरह से योगी सरकार के भगीरथ प्रयास से प्रयागराज महा कुम्भ अपनी दिव्यता और भव्यता के शिखर छू रहा था वह विपक्षियों को रास नहीं आ रहा था। ऐसे में किसी साजिश से भी इनकार नहीं किया जा सकता है । श्री पंच दशनाम आवाहन अखाड़े के महा मंडलेश्वर स्वामी प्रकाशानंद समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महा सचिव राम गोपाल यादव द्वारा हादसे पर दिए गए बयान पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा है कि राम गोपाल यादव अपने व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी के ज्ञान से महा कुम्भ की दिव्यता और भव्यता का आकलन न करे।

## अखाड़ों ने श्रद्धालुओं के लिए जारी की एडवाइजरी

सनातन धर्म के ध्वज वाहक 13 अखाड़ों ने महाकुंभ के मौनी अमावस्या के हादसे के बाद जो संवेदना अपने अमृत स्नान पर्व में सादगी के साथ दिखाई उसकी सब जगह भूरि भूरि प्रशंसा हुई है। अपने इसी दायित्व बोध को आगे बढ़ाते हुए अखाड़ों ने अपने भक्तों और श्रद्धालुओं के लिए बसंत पंचमी के अमृत स्नान के लिए एक अपील जारी की है। श्री पंच दशनाम आवाहन अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर अवधूत स्वामी अरुण गिरी का कहना है कि उन्होंने अपने भक्तों और बसंत पंचमी का स्नान करने आ रहे श्रद्धालुओं से अपील की है कि महाकुंभ क्षेत्र में अपने निकट के गंगा या यमुना में स्नान करें सभी लोग त्रिवेणी में ही पुण्य की डुबकी लगाए। साधु संत महात्माओं के स्नान का फल भी उनके भक्तों के लिए होता है।

# घायल श्रद्धालुओं से मिले मुख्य सचिव और डीजीपी, हर संभव मदद का दिया आश्वासन

**महाकुम्भ नगर।** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार गुरुवार को स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल भी पहुंचे, जहां बुधवार को मौनी अमावस्या अमृत स्नान के दौरान संगम नोज पर घटी घटना के घायलों को भर्ती कराया गया है। यहां मुख्य सचिव और डीजीपी ने घायलों से मुलाकात की और उनका हाल जाना। प्रदेश के दोनों शीर्ष अधिकारी एक-एक घायल के पास गए और उन्हें मिल रहे उपचार के विषय में जानकारी ली। साथ ही उन्होंने डॉक्टर्स को इलाज में किसी तरह की कमी नहीं रखने के भी निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री जी की मंशा के अनुरूप अस्पताल में घायल तीर्थयात्रियों का समुचित इलाज किया जा रहा है और पूरा प्रशासन उनकी देखरेख में जुटा हुआ है।

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में भर्ती सभी श्रद्धालुओं को समुचित चिकित्सा सुविधा प्रदान की जा रही है। अस्पताल प्रशासन पूरी तत्परता से सभी मरीजों की देखभाल कर रहा है। मरीजों के साथ आए परिजनों और श्रद्धालुओं के लिए भी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। सभी मरीजों के परिवारजनों को सूचना दे दी गई है और अधिकांश परिजन अस्पताल पहुंच चुके हैं। राहत की बात यह है कि कोई भी मरीज गंभीर स्थिति में नहीं है। हालांकि, कुछ मरीजों को फ्रैक्चर जैसी चोटें आई हैं, जिनके पूर्ण रूप से स्वस्थ होने में 3 से 4 सप्ताह तक का समय लग सकता है। सरकार एवं अस्पताल प्रशासन मरीजों की देखभाल के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और हरसंभव चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।





# बसंत पंचमी के स्नान को लेकर मैदान में उतरी मेडिकल फोर्स, 360 बेड के 23 हॉस्पिटल्स

## इमरजेंसी कॉल पर तत्पर मेडिकल टीम, ओपीडी और इमरजेंसी सेवाएं 24 घंटे उपलब्ध

**महाकुम्भनगर।** बसंत पंचमी के स्नान पर्व को ध्यान में रखते हुए महाकुम्भनगर में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर गुरुवार से मेडिकल फोर्स मैदान में सक्रिय हो गई है। 360 बेड की क्षमता वाले 23 अस्पताल श्रद्धालुओं की देखभाल के लिए तैयार किए गए हैं। इनकी व्यवस्थाओं को जांचने के लिए स्पेशल मेडिकल टीम ने संपूर्ण मेला क्षेत्र में व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों ने मेला क्षेत्र का दौरा कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। एंबुलेंस और आपातकालीन सुविधाओं की समीक्षा कर तैनाती को सुनिश्चित किया गया। टीम में चिकित्सा व्यवस्था के नोडल उमाकांत सान्याल, केंद्रीय चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मनोज कौशिक, सह नोडल चिकित्सा व्यवस्था डॉ. राम सिंह और महाकुम्भ मेला के नोडल चिकित्सा स्थापना डॉक्टर गौरव दुबे शामिल रहे।

सेंट्रल हॉस्पिटल और अन्य स्वास्थ्य सुविधाएं क्विक रिस्पांस के लिहाज से कारगर साबित हो रही हैं। माइनर इंजरी से लेकर गंभीर इलाज तक सभी आवश्यक सेवाएं यहां उपलब्ध कराई जा रही हैं। महाकुम्भ मेला के नोडल चिकित्सा स्थापना डॉक्टर गौरव दुबे ने बताया कि इमरजेंसी कॉल्स पर मेडिकल टीम मिनटों में मौके पर पहुंच रही है। एंबुलेंस और हेल्थ फैसिलिटीज विषम परिस्थितियों में भी पूरी तरह क्रियाशील हैं।

श्रद्धालुओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकता में है। व्यापक स्वास्थ्य इंतजाम और पर्याप्त मेडिकल फोर्स श्रद्धालुओं की हिफाजत के लिए पूरी तरह तैयार है। इनमें 100 बेड का एक अत्याधुनिक सेंट्रल हॉस्पिटल, 25 बेड के दो सब-सेंट्रल हॉस्पिटल, 20 बेड के आठ सेक्टर हॉस्पिटल और 20 बेड के ही दो संक्रामक रोग हॉस्पिटल भी शामिल हैं। इनके अलावा एक बेड के 10 फर्स्ट एड पोस्ट भी सक्रिय हैं।

## खास खबर

### चीनी उद्योग में जीडीपी में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर तीन फीसदी करने की क्षमता: गडकरी

नई दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि चीनी उद्योग में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर तीन फीसदी करने की क्षमता है। फिलहाल चीनी उद्योग की जीडीपी में हिस्सेदारी 1.0 से 1.15 फीसदी है। उन्होंने गन्ने का प्रति एकड़ उत्पादन बढ़ाने की जरूरत भी बतायी। केंद्रीय मंत्री ने नई दिल्ली में चीनी मंडी की ओर से आयोजित चीनी-इथेनॉल और जैव ऊर्जा भारत सम्मेलन (एसईआईसी) 2025 के चौथे संस्करण को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारतीय चीनी उद्योग देश की जीडीपी में तीन प्रतिशत योगदान देने की क्षमता रखता है। नितिन गडकरी ने अपने संबोधन में चीनी, इथेनॉल और बायोएनर्जी के अभिसरण पर प्रकाश डाला। उन्होंने नीतिगत उन्नति, तकनीकी नवाचारों और जैव ईंधन अर्थव्यवस्था को आकार देने वाले उभरते बाजार की गतिशीलता के माध्यम से ऊर्जा सुरक्षा और स्थिरता में उनकी भूमिका पर भी जोर दिया।

### शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद

मुम्बई। भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। बाजार में ये तेजी दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीदारी हावी रहने से आई हैं। सरकारी पीएसयू कंपनियों और बजाज फाइनेंस के शेयरों में उछाल से भी बाजार ऊपर आया है। टाटा मोटर्स में गिरावट से हालांकि इस तेजी पर कुछ हद तक अंकुश लगा। मंथली एक्सपायरी के दिन बाजार में तेजी का माहौल रहा। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स तेजी के साथ अंत में 226.85 अंक करीब 0.30 फीसदी बढ़कर 76,759.81 पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी अंत में 86.40 अंक तकरीबन 0.37 फीसदी की बढ़त लेकर 23,249.50 पर बंद हुआ।

### भारत में बने जिम्नी फाइव-डोर मॉडल की जापानी बाजार में बिक्री शुरू

नई दिल्ली। मारुति सुजुकी इंडिया ने कहा कि भारत में बने जिम्नी फाइव-डोर मॉडल की जापानी बाजार में बिक्री शुरू की गई है। विशेष रूप से मारुति सुजुकी के गुरुग्राम स्थित संयंत्र में बने इस एसयूवी को गुरुवार को जापान में पेश किया गया। जिम्नी फाइव-डोर मॉडल वित्त वर्ष 2024-25 में फ्रोंक्स के बाद सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन के घरेलू बाजार में पेश किया जाने वाला दूसरा एसयूवी बन गया है। मारुति सुजुकी इंडिया के एक अधिकारी ने कहा कि भारत में बनी जिम्नी 5-डोर को जापान में पेश किए जाने से हमारी वैश्विक स्तर की विनिर्माण क्षमता का पता चलता है। उन्होंने कहा कि कंपनी का चालू वित्त वर्ष में जापान को निर्यात किया जाने वाला यह दूसरा मॉडल है। इससे पहले अगस्त 2024 में फ्रोंक्स को जापान में पेश किया गया था।

### जैक्सन ग्रीन, ब्लूलीफ एनर्जी करेगी 3,400 करोड़ का निवेश

नई दिल्ली। घरेलू कंपनी जैक्सन ग्रीन और सिंगापुर स्थित ब्लूलीफ एनर्जी ने गुरुवार को कहा कि वे 3,400 करोड़ रुपये के निवेश से राजस्थान में एक गीगावाट की सौर परियोजनाएं विकसित करेंगी। जैक्सन ग्रीन ने एक बयान में कहा कि इस साझेदारी के तहत भारत में बड़े स्तर की हरित ऊर्जा परियोजनाओं को संयुक्त रूप से विकसित किया जाएगा। जैक्सन ग्रीन के एक अधिकारी ने कहा कि यह सहयोग ऊर्जा संक्रमण में एक सम्मानित वैश्विक खिलाड़ी के रूप में हमारी उपस्थिति को और मजबूत करता है।

### एलएंडटी को पश्चिम एशिया में महत्वपूर्ण ठेका मिला

नई दिल्ली। लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) ने कहा कि उसकी एक सहायक इकाई ने खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) क्षेत्र में माल ढुलाई संभालने की सुविधा स्थापित करने के लिए एक महत्वपूर्ण ठेका हासिल किया है। इस ठेके के तहत, एलएंडटी को 1,000 करोड़ से 2,500 करोड़ रुपये के बीच का महत्वपूर्ण काम मिलेगा।

---

री सस्टेनेबिलिटी व आरती सर्कुलरिटी लिमिटेड की प्लास्टिक रिसाइक्लिंग में क्रांति लाने के लिए अभूतपूर्व पहल

# प्लास्टिक सामग्री रिसाइक्लिंग सुविधाओं का होगा विकास

- एसीएल और आरईएसएल के बीच यह व्यवस्था एक अग्रणी विकास है जो दो अग्रणी कंपनियों की तालमेल और दक्षताओं पर आधारित है



एजेंसी

मुंबई। री सस्टेनेबिलिटी एंड रिसाइक्लिंग प्राइवेट लिमिटेड और आरती सर्कुलरिटी लिमिटेड जो कि स्पेशियलिटी केमिकल्स की एक प्रमुख कंपनी, आरती इंडस्ट्रीज लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है, ने भारत में अपनी तरह की पहली परिवर्तनकारी संयुक्त उद्यम कंपनी की स्थापना के लिए हाथ मिलाया है। इसका उद्देश्य पूरे भारत में प्लास्टिक सामग्री रिसाइक्लिंग सुविधाओं (पीएमआरएफ) के विकास को आगे बढ़ाना है, जिसका उद्देश्य प्लास्टिक संसाधन पुनर्प्राप्ति और टिकाऊ संसाधन प्रबंधन प्रथाओं में क्रांतिकारी बदलाव लाना है। पीएमआरएफ प्लास्टिक सहित विभिन्न अपशिष्ट धाराओं से संसाधनों को अलग करने, निकालने और पुनर्चक्रण करने पर ध्यान केंद्रित करेगा, ताकि उन्नत परिपत्र सामग्री (एसीएम) का उत्पादन किया जा सके जिसका उपयोग कच्चे माल, ईंधन या पुनर्चक्रित पॉलिमर फीडस्टॉक के रूप में किया जा सके। इस साझेदारी के तहत पहली प्लास्टिक सामग्री रीसाइक्लिंग सुविधा हैदराबाद, तेलंगाना में स्थापित की जाएगी, और इस क्षेत्र में उन्नत रीसाइक्लिंग बुनियादी ढांचे के लिए मार्ग प्रशस्त करेगी। यह टिकाऊ अपशिष्ट प्रबंधन की दिशा में भारत की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर भी होगा। यह रणनीतिक साझेदारी स्थिरता और प्रौद्योगिकी नवाचार के लिए साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। संयुक्त उद्यम कंपनी भारत के रीसाइक्लिंग और अपशिष्ट प्रबंधन क्षेत्रों में नए मानक स्थापित करते हुए अत्याधुनिक पीएमआरएफ विकसित करने और संचालित करने के लिए अग्रणी प्रौद्योगिकी भागीदारों का मूल्यांकन और संलग्न करेगी। री सस्टेनेबिलिटी के प्रबंध निदेशक और सीईओ मसूद मलिक ने कहा, यह सहयोग स्थायी संसाधन प्रबंधन की दिशा में हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह साझेदारी हमारे अपशिष्ट प्रबंधन और संसाधन पुनर्प्राप्ति विशेषज्ञता को आरती इंडस्ट्रीज की समृद्ध विरासत और विशेष रासायनिक विनिर्माण में इसकी 40 वर्षों की विशेषज्ञता के साथ जोड़ती है, जिससे हम महत्वपूर्ण अपशिष्ट चुनौतियों का समाधान करने वाले अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे का निर्माण करने में सक्षम होते हैं। उन्नत प्रौद्योगिकियों और सतत प्रथाओं का लाभ उठाकर, हमारा लक्ष्य एक मजबूत ढांचा तैयार करना है जो पर्यावरणीय प्रभाव को कम करता है।

## सैमसंग और ईएमबीआईबीई की साझेदारी से शिक्षा में नया आयाम





एजेंसी

गुरूग्राम/रांची। भारत के अग्रणी उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने एआई-आधारित लर्निंग प्लेटफॉर्म ईएमबीआईबीई के साथ साझेदारी की घोषणा की है। इस सहयोग के तहत ईएमबीआईबीई को सैमसंग एजुकेशन हब ऐप में शामिल किया जाएगा, जिससे छात्रों को टीवी पर एक व्यक्तिगत और इंटरएक्टिव शैक्षिक अनुभव मिलेगा। यह पहल सीबीएसई, आईसीएसई, आईबी, कैम्ब्रिज और राज्य बोर्डों के छात्रों के लिए मददगार होगी, साथ ही आइआईटी जेईई और एनईईटी जैसी परीक्षाओं की तैयारी में भी सहायता प्रदान करेगी। ईएमबीआईबीई के इमर्सिव 3डी व्याख्यात्मक वीडियो कठिन विषयों को समझना आसान बनाएंगे, जिससे पढ़ाई अधिक प्रभावी और रोचक होगी। इस संबंध में सैमसंग इंडिया के वरिष्ठ निदेशक विपलेश डांग ने कहा कि यह ऐप टीवी को महज मनोरंजन का साधन न रहने देकर शिक्षा के प्रभावी प्लेटफॉर्म में बदलने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि सैमसंग का विजन सीमाहीन शिक्षा प्रदान करना है। ईएमबीआईबीई की सीईओ अदिति अवस्थी ने इस साझेदारी को शिक्षा में नवाचार का नया अध्याय बताया। उन्होंने कहा कि सैमसंग और ईएमबीआईबीई ने मल्टी-मॉडल इंटरएक्टिव कंटेंट और एआई-आधारित व्यक्तिगत अनुभव को एक मंच पर लाकर शिक्षा को और अधिक सुलभ बनाया है।

## नोबेल विजेता कैलाश सत्यार्थी की आत्मकथा दियासलाई का लोकार्पण

एजेंसी

रांची। जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल (जेएलएफ) के मंच पर आज नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी की आत्मकथा 'दियासलाई' का लोकार्पण हुआ। यह पुस्तक सत्यार्थी की जीवन यात्रा, उनके संघर्ष और दुनिया भर के बच्चों को शोषण से मुक्त करने की उनकी प्रेरक कहानी को दशार्ती है। लोकार्पण के दौरान कैलाश सत्यार्थी ने आत्मकथा के अध्यायों और उससे जुड़े अपने अनुभवों को साझा किया। दियासलाई के 24 अध्यायों में कैलाश सत्यार्थी ने विदिशा के एक साधारण पुलिस कांस्टेबल के परिवार में जन्म से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान और नोबेल शांति पुरस्कार तक की




अपनी यात्रा को लिखा है।सत्यार्थी की जीवनी किशोरावस्था में सामाजिक रूढ़ियों को चुनौती देने से लेकर बच्चों को शोषण मुक्त करने के संघर्ष की प्रेरक गाथा है। पुस्तक चर्चा के दौरान उन्होंने बताया कि एक बार कैसे तथाकथित अछूत महिला के हाथों से खाना खाने पर उन्हें उनके ही समाज ने बहिष्कृत कर दिया और उन्हें एक छोटे से कमरे में परिवार से अलग अकेले वक्त बिताना पड़ा। उस प्रकरण के बाद ही उन्होंने अपना जातीय उपनाम शर्मा हटाने का फैसला किया, और मैं सत्यार्थी बन गया, जो सत्य का रक्षक है। उन्होंने बताया, नोबेल पुरस्कार मिलने पर कुछ वरिष्ठ पत्रकारों और यहां तक कि नोबेल समिति के सदस्यों ने मुझसे पूछा कि एक या दो वाक्यों में बताएं कि आपने अपने जीवन में क्या हासिल किया है तो, मेरा जवाब बहुत सरल था कि मानवता के लिए मेरा सबसे विनम्र योगदान यह है कि मैं सबसे उपेक्षित और गुमनाम बच्चों को सामने लाने में सक्षम रहा। यही वजह है कि अब उन बच्चों की सुनवाई हो रही है। कोई भी सरकार उन्हें अनदेखा नहीं कर सकती, जो सदियों से गुमनाम रहे हैं। पुस्तक चर्चा में युवा एकता फाउंडेशन की संस्थापक ट्रस्टी पुनीता रॉय और वरिष्ठ लेखिका नमिता गोखले ने भी हिस्सा लिया।

## गो डिजिट लाइफ इंश्योरेंस ने लॉन्च किया डिजिट ग्लो टर्म लाइफ इंश्योरेंस

एजेंसी




जमशेदपुर। गो डिजिट लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड (डिजिट लाइफ) ने अपना पहला इंडीवीजुअल प्योर टर्म लाइफ इंश्योरेंस प्लान 'डिजिट ग्लो टर्म लाइफ इंश्योरेंस' लॉन्च करने की घोषणा की है। इसे खास तौर पर स्वरोजगारी भारतीयों के लिए तैयार किया गया है। ग्राहक सेवा में सरलता और एजेंट की त्वरित ऑनबोर्डिंग के लिए, डिजिट लाइफ इंश्योरेंस ने जमशेदपुर के बिष्टुपुर में ऑफिस भी खोला है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, झारखंड के लगभग 68 प्रतिशत लोग स्वरोजगार करते हैं। भारत में करीब 30 करोड़ से ज्यादा स्वरोगारी हैं जो तमाम चुनौतियों, जैसे आय में उतार चढ़ाव, आय प्रमाण का न होना के कारण अपने लिए बेहतर टर्म लाइफ इंश्योरेंस नहीं खरीद पाते। लॉन्च की जानकारी देते हुए गो डिजिट लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड के चीफ बिजनेस ऑफिसर संदीप भारद्वाज, ने कहा 'कि झारखंड के स्वरोजगारी, जिनमें छोटे व्यापारी, गिग वर्कर, और पेशेवर शामिल हैं, हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं।'समाज के निम्न वर्ग के लोगों को भी इंश्योरेंस की सुविधा देने के लिए, प्लान में 10 लाख रुपए से 1 करोड़ रुपए तक के कवरेज के साथ कॉम्प्रिहेंसिव प्रोटेक्शन दिया जा रहा है। ऑनबोर्डिंग से लेकर रिनुअल और क्लेम सेटेलमेंट तक की पूरी प्रक्रिया 100 प्रतिशत डिजिटल होगी, जिससे लंबी कागजी कार्यवाई की जरूरत नहीं पड़ेगी। प्लान में 15 कॉमप्लिमेंट्री एडऑन वेलनेस बेनिफिट भी मिलने वाले हैं, जिनमें फ्री टेलीकंसल्टेशन, डायग्नोस्टिक टेस्ट में छूट, दवा की डिलीविरी, क्रोनिक केयर प्रोग्राम, थेरेपी सेशन, एल्डर केयर प्रोग्राम वगरह शामिल हैं।

## तेनाली रामा का गिरगिट राज से आमना-सामना



एजेंसी

मुंबई। सोनी सब में शो तेनाली रामा के तेनाली लंबे समय बाद विजयनगर राज्य में वापसी करते हैं, जहां नई और कठिन चुनौतियाँ उनका इंतजार कर रही हैं। आगामी एपिसोड्स में, तेनाली रामा का सामना गूढ़ शक्तियों वाले एक रहस्यमयी व्यक्ति गिरगिट राज से होगा, जो गुप्त रूप से विजयनगर के खिलाफ षड्यंत्र रच रहा है। जैसे-जैसे तेनाली सुरागों को जोड़ते हैं, उन्हें पता चलता है कि दो साल पहले जो अजीब घटनाएँ हुई थीं, उनके पीछे गिरगिट राज ही था और उसी की साजिश के कारण तेनाली को विजयनगर से निष्कासित कर दिया गया था। समय तेजी से बीत रहा है, क्या तेनाली अपनी चतुराई से गिरगिट राज को मात देकर विजयनगर को इस संकट से बचा पाएंगे जहां रोमांचक मोड़ों और अप्रत्याशित घटनाओं से भरपूर होंगे।

## बजाज फाउंडेशन ने किया यूथ इको समिट के एडिशन का आयोजन



एजेंसी

मुंबई। बजाज फाउंडेशन ने आज मुंबई के बाल गधर्व रंग मंदिर में यूथ इको समिट (यस) के दूसरे संस्करण का सफल आयोजन किया। इस साल की थीम थी फ्यूचर ग्रीन लीडर्सः पावरिंग एन ई-वेस्ट रिवॉल्यूशन। इस कार्यक्रम में बोलते हुए बजाज फाउंडेशन के संस्थापक और निदेशक पंकज बजाज ने कहा, भारत आज दुनिया में ई-वेस्ट का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक है और साथ ही यहां दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी भी है। ऐसे में भारत के युवाओं के पास ई-वेस्ट के महत्वपूर्ण मुद्दे को सुलझाने का एक खास मौका है। ई-वेस्ट अब पर्यावरण के लिए सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बन चुका है। बजाज फाउंडेशन की पहलें इसी दिशा में काम करती हैं। हम उन होनहार बच्चों को सशक्त बनाते हैं और उन्हें ई-वेस्ट पर कार्रवाई करने के लिए प्रेरित करते हैं। इस कार्यक्रम में निधि तिवारी (सीओपी29 प्रतिनिधि) ने नर्चरिंग फ्यूचर ग्रीन लीडर्स बाय एम्पावरिंग चिल्ड्रन टू ड्राइव एनवायरनमेंटल चेंज विषय पर एक पैनल चर्चा का संचालन किया। इस चर्चा में मुख्य रूप से यह समझने पर ध्यान केंद्रित किया गया कि मानवीय गतिविधियां पर्यावरण और जलवायु पर कैसे प्रभाव डालती हैं। पैनलिस्ट्स ने इस बात पर जोर दिया कि कार्बन फुटप्रिंट को कम करने और एक पर्यावरण के अनुकूल भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाने के लिए कॉर्पोरेट्स, समुदायों और शिक्षा जगत को मिलकर काम करना जरूरी है।

## भारत के ऊर्जा क्षेत्र में स्टार्टअप्स की नई क्रांति



रांची। भारत में ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए सरकार और स्टार्टअप्स मिलकर एक नई दिशा में काम कर रहे हैं। 'एनर्जाइज इंडिया' जैसे कार्यक्रम न सिर्फ नए विचारों को प्रोत्साहन देते हैं, बल्कि देश के ऊर्जा भविष्य को और भी मजबूत बनाते हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने विजेताओं की घोषणा की। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा, हम स्टार्टअप्स के लिए 547.35 करोड़ रुपए का फंड उपलब्ध करा रहे हैं। ये नवाचार न सिर्फ रोजगार के नए अवसर प्रदान करेंगे, बल्कि भारत को ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी ले जाएंगे।

## वी मुवीज और टीवी के सब्सक्रिप्शन के साथ पाएं 17 ओटीटी के फायदे




एजेंसी

रांची। क्या आपके मासिक ओटीटी सब्सक्रिप्शन के कारण आपके खर्च बहुत बढ़ रहे हैं, तो अब एक ऐप और एक सब्सक्रिप्शन के साथ पाएं 17 ओटीटी के फायदे। कम खर्च में सर्वश्रेष्ठ एंटरटेनमेन्ट का लाभ उठाएं। आज के दौर में सभी ओटीटी प्लेटफार्म पर अपने पसंदीदा कंटेंट का लुत्फ उठाना चाहते हैं मोबाइल हो, लैपटॉप या टेबलेट स्क्रीन या टीवी, स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स ने हमारे द्वारा कंटेंट का इस्तेमाल करने का तरीका पूरी तरह से बदल डाला है। हम कई प्लेटफॉर्म्स पर सर्फिंग करते हैं और इनमें से अपने पसंदीदा कंटेंट का लुत्फ उठाते हैं। हालांकि कई स्ट्रीमिंग ऐप्स के सब्सिक्रप्शन के लिए हमें बहुत पैसे भी खर्च करने पड़ते हैं। अगर आपको एक ही सब्सक्रिप्शन के साथ 17 ओटीटी प्लेफॉर्म्स का आनंद उठाने का स्मार्ट तरीका मिल जाए तो, निश्चित रूप से यह आपके लिए लुभावना ऑफर होगा। वी मुवीज एण्ड टीवी ने इसे संभव कर दिया है, यह न सिर्फ सुविधा देता है बल्कि आपके पैसों की बचत भी करता है। वी मुवीज एण्ड टीवी ऑल इन वन ओटीटी ऐप है, जिसमें आप एक सब्सक्रिप्शन के साथ 17 लोकप्रिय ओटीटी प्लेटफॉर्म्स का एक्सेस पा सकते हैं। डिजनी प्लस हॉटस्टार से लेकर सोनी लिव, जी 5, लायन्सगेट प्ले से लेकर आपके पसंदीदा क्षेत्रीय कंटेंट जैसे मनोरमा मैक्स (मलयालम), नम्माफ्लिक्स (कन्नड), सननेक्स्ट (दक्षिण भारतीय भाषाएं) और क्लिक (बंगाली) तक यहां हर किसी के लिए कुछ न कुछ है।

### सैजिलिटी इंडिया ने किया ब्रॉडपाथ हेल्थकेयर सॉल्यूशंस का अधिग्रहण

बेंगलुरु/नई दिल्ली। सैजिलिटी इंडिया लिमिटेड ने ब्रॉडपाथ हेल्थकेयर सॉल्यूशंस का अधिग्रहण किया है। सैजिलिटी इंडिया ने ब्रॉडपाथ हेल्थकेयर सॉल्यूशंस को करीब 502 करोड़ रुपये में अधिग्रहित किया, यह सौदा 100 फीसदी नकद लेन-देन के रूप में संरचित है। इस अधिग्रहण के साथ सैजिलिटी का लक्ष्य मध्य-बाजार भुगतान खंड में विकास को गति देना है। स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में अग्रणी तकनीक-सक्षम व्यवसाय संचालन समाधान और सेवा प्रदाता सैजिलिटी इंडिया ने गुरुवार को जारी एक बयान में कहा कि ब्रॉडपाथ हेल्थकेयर सॉल्यूशंस के अधिग्रहण से कंपनी के ग्राहक आधार का विस्तार, सेवा पेशकशों में वृद्धि और वित्तीय तालमेल को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। जिससे बाजार में इसकी अग्रणी स्थिति मजबूत होगी। ब्रॉडपाथ हेल?थकेयर अमेरिका और फिलीपींस में 1600 से ज्यादा कर्मचारियों के साथ घर से काम करने की सुविधा प्रदान करता है।

## राजधानी फूड्स ने भारतीय पाक परंपराओं का जश्न मनाने के लिए करण जौहर व अनन्या पांडे को जोड़ा

एजेंसी

रांची। जब बॉलीवुड की सबसे ग्लैमरस जोड़ी रसोई में कदम रखती है, तो क्या होता है जादू, बिल्कुल राजधानी फूड्स ने एक नई ऊर्जा पैदा की है, करण जौहर, जो कहानी कहने के बादशाह हैं, और अनन्या पांडे, जेन-जी की सेंसेशन, को अपने प्रतिष्ठित राजधानी बेसन को प्रमोट करने के लिए साथ लाकर। फैशन और लाइफस्टाइल में अपनी चमकदार पहचान के लिए पहचाने जाने वाले ये सितारे, इस बार एक आम भारतीय रसोई की कहानी को ताजगी भरे अंदाज में पेश कर रहे हैं। यह नया कैंपेन एक दृश्यात्मक



आनंद है। एक व्यस्त फिल्म सेट पर शूट किया गया यह विज्ञापन करण जौहर को अनन्या पांडे को एक सीन डायरेक्ट करते हुए दिखाता है। सीन खत्म होते ही जौहर ब्रेक की घोषणा करते हैं, लेकिन एक खास डिमांड के साथः पकोड़े इस पर अनन्या, अपनी चिर-परिचित मजाकिया और रिलेटेबल शैली में पूछती हैं कि बारिश कहां है–जो कि पकोड़ों का असली मजा बढ़ाने के लिए जरूरी है। और फिर, सच्चे बॉलीवुड अंदाज में, जौहर सेट पर कृत्रिम बारिश कराते हैं। दोनों सितारे राजधानी बेसन से बने स्वादिष्ट पकोड़ों का आनंद लेते हैं। यह विज्ञापन नॉस्टेल्जिया, ह्यूमर और स्टार पावर का दिलचस्प मेल है, जो हर पीढ़ी के दर्शकों से जुड़ता है। 1966 से, राजधानी फूड्स गुणवत्ता, विश्वास और परंपरा का प्रतीक रहा है। एक साधारण बेसन पीसने के व्यवसाय के रूप में शुरू हुआ राजधानी फूड्स, आज एक प्रसिद्ध घरेलू ब्रांड बन चुका है।

## अमेजन एमएक्स प्लेअर ने 100 से ज्यादा नए शो की सूची को प्रस्तुत किया

एजेंसी

मुंबई। अमेजन एमएक्स प्लेअर के स्ट्रीमनेक्स्ट इवेंट के पहले संस्करण में वैश्विक मार्केटिंग लीडर, सर मार्टिन सोरेल, बेनेडिक्ट इवांस और प्रमुख मनोरंजन उद्योग की हस्तियों ने भाग लिया। यह स्टार-स्टडेड इवेंट भारत में कंटेंट की खपत के बदलते परिप्रेक्ष्य को प्रदर्शित करने के साथ यह दिखाता है कि कैसे अमेजन एमएक्स प्लेअर विज्ञापनदाताओं के लिए मजबूत और अविस्मरणीय ब्रांड बनाने में एक परिवर्तनकारी साझेदार बन रहा है। बॉबी देओल (आश्रम 3), सुनील शेट्टी और जैकी श्रॉफ (हंटर 2), रेमो डिसूजा और मलाइका अरोड़ा (हिप हॉप इंडिया 2), अशनीर ग्रोवर (राइज एंड फॉल) जैसी प्रमुख हस्तियों की शानदार उपस्थिति के बीच, अमेजन एमएक्स प्लेअर ने 2025 के लिए




अपनी 100 से अधिक नई शोज की सूची पेश की। अमेजन एड्स इंडिया के प्रमुख गिरीश प्रभु ने कहा, बैठक का उद्देश्य अमेजन एमएक्स प्लेअर की विशाल पहुंच को एक साथ लाना है, जो विज्ञापन तकनीक के साथ अमेजॅन के खरबों ग्राहक को एक साथ लेकर आती है। यह सभी ब्रांडों को सक्षम बनाने के बारे में है, न कि सिर्फ उन ब्रांडों को जो Amazon पर बिकते हैं, ताकि वे भारत में 250 मिलियन से अधिक विशिष्ट उपयोगकर्ताओं तक पहुंच सकें और प्रासंगिक विज्ञापन दे सकें। यह सीधे परिणाम मापने के बारे में है, जो किसी उत्पाद या ब्रांड के बारे में प्रारंभिक जागरूकता से लेकर अंतिम खरीद निर्णय तक होता है। फुल फनल विज्ञापन अब यहाँ पर है। हिट ओरिजिनल, रियलिटी शो और एमएक्स विदेशी कंटेंट के साथ जिसमें के-ड्रामा, मंदारिन, तुर्की शो और अन्य बहुत कुछ शामिल है, अमेजन एमएक्स प्लेयर भारत के सबसे बड़े मनोरंजन स्थलों में से एक है। अमेजन एमएक्स प्लेयर के प्रमुख करण बेदी ने कहा, भारत में कोई अन्य स्ट्रीमिंग सेवा नहीं है जो मुफ्त में इतने बड़े पैमाने पर कंटेंट उपलब्ध कराती हो। बेदी ने यह भी बताया कि MX Player ऐप भारत में सबसे ज्यादा डाउनलोड किए जाने वाले ऐप्स में से एक है, जिसमें प्ले स्टोर पर 1.4 बिलियन से अधिक डाउनलोड हो चुके हैं। इसके अलावा, अमेजन एमएक्स प्लेअर को एक विस्तृत रेंज के प्लेटफार्मों पर बिना किसी बाधा के एक्सेस किया जा सकता है, जिसमें भारत का सबसे बड़ा ईकॉमर्स ऐप अमेजॉन, प्राइम वीडियो, और फायर टीवी शामिल हैं। यह व्यापक उपलब्धता यह सुनिश्चित करती है कि ग्राहक अपने पसंदीदा चैनल पर शो का आनंद ले सकें। अमेजॅन एमएक्स प्लेयर पारंपरिक टेलीविजन से वीडियो स्ट्रीमिंग में बदलाव लाने के लिए विशिष्ट रूप से तैयार है। इसकी पहुंच पहले से ही भारत के कुछ प्रमुख सामान्य मनोरंजन चैनलों के बराबर है।

## यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने पहाड़ी मंदिर को वाटर कूलर एवं वाटर प्यूरिफायर दिया

एजेंसी



रांची। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा राँची शहर स्थित पहाड़ी मंदिर को वाटर कूलर एवं वाटर प्यूरिफायर सप्रेम भेंट किया गया। बैजनाथ सिंह, अंचल प्रमुख राँची द्वारा 29 जनवरी 2025 को पहाड़ी मंदिर रांची प्रांगण में वाटर कूलर एवं वाटर प्यूरिफायर को फीता काटकर लोकार्पण किया गया। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा प्रदत्त इस वाटर कूलर तथा प्यूरिफायर से सभी आगंतुक श्रद्धालुओं को शुद्ध एवं शीतल पेय जल सुलभता से उपलब्ध होगा। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया सदैव विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों में सामाजिक उत्तर दायित्वों का निर्वहन करता रहा है । इसी क्रम में पहाड़ी मंदिर रांची में भी बैजनाथ सिंह, अंचल प्रमुख राँची के नेतृत्व में श्रद्धालुओं के उपयोग हेतु वाटर कूलर एवं वाटर प्यूरिफायर सप्रेम भेंट किया गया। श्रद्धालुओं के साथ पहाड़ी मंदिर विकास समिति के सदस्यगण कैलाश राय, तड़ित राय एवं गोपाल कुमार तथा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के रवि किशोर बदुला, सहायक महाप्रबंधक, संदीप रंजन, मुख्य प्रबन्धक सहित कई अधिकारी की उपस्थिति रही।

खास खबर

## शार्दुल ने रणजी में लगाई हैट्रिक

**मुंबई** । पिछले कुछ समय से भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर ने रणजी ट्रॉफी में गेंद ओर बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया है। शार्दुल ने जम्मू के खिलाफ छठे राउंड के मुकाबले में पहले शतक लगाया और इसके बाद हैट्रिक ली। मेघालय के खिलाफ शरद पवार क्रिकेट अकादमी बीकेसी में अपने दूसरे ही ओवर में उन्होंने लगातार तीन विकेट लिए। मेघायल की पारी के तीसरे ओवर की चौथी गेंद पर शार्दुल ने अनिरुद्ध बी को आउट किया। वह बोल्ड हुए। इसके बाद सुमित कुमार का कैच शम्स मुलानी ने पकड़ा। वहीं ओवर की अंतिम गेंद पर शार्दुल ने जसकीरत सिंह को बोल्ड कर पेवेलियन भेजा। शार्दुल ने अपने पहले ओवर में भी विकेट लिया था। उन्होंने मेघालय के सलामी बल्लेबाज निशांत चक्रवर्ती को शून्य पर ही आउट कर दिया। वहीं दूसरे ओवर में मोहित अवस्थी ने किशन लिंगदोह को आउट किया। तीसरे ओवर की अंतिम तीन गेंद पर विकेट के बाद चौथे ओवर की पहली गेंद पर मोहित ने अर्पित सुभाष भटेवरा भी आउट हो गए।

## क्वार्टर फाइनल में पहुंचे किदाम्बी श्रीकांत

**बैंकॉक**। पूर्व विश्व नंबर 1 किदांबी श्रीकांत और एस सुब्रमण्यम ने गुरुवार को अपने-अपने मैच जीतकर थाईलैंड मास्टर्स बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। श्रीकांत को राउंड ऑफ 16 मुकाबले में हांगकांग के 20 वर्षीय जेसन गुनावान को 21-19, 21-15 से हराने में केवल 42 मिनट लगे। उन्होंने पिछले साल बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में गुनावान को हराया था। सुब्रमण्यम को इंडोनेशिया के चिको ऑरा ड्वी वाडोयो पर जीत के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी। सुब्रमण्यम ने पहला सेट गंवा दिया, लेकिन 9-21, 21-10, 21-17 से मुकाबला अपने नाम कर लिया। हालांकि, मिश्रित युगल में रोहन कपूर और रुथविका गडे की भारतीय जोड़ी को थाईलैंड के रत्चपोल मक्कासिथॉर्न और नट्टामोन लाइसुआन से 19-21, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा।

## ईसीबी ने की द हंड्रेड कार्यक्रम की घोषणा

**लंदन**। इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने बुधवार रात द हंड्रेड 2025 के कार्यक्रम की घोषणा कर दी। टूनामेंट का पांचवां सीजन 5 अगस्त से लॉर्ड्स में शुरू होगा, जहां लंदन स्पिरिट और ओवल इनविंसिबल्स के बीच डबल-हेडर मुकाबला खेला जाएगा। मौजूदा पुरुष चैंपियन ओवल इनविंसिबल्स और मौजूदा महिला चैंपियन लंदन स्पिरिट की द हंड्रेड की इक्विटी सेल में सबसे अधिक मांग होने की उम्मीद जताई जा रही है। हंड्रेड इक्विटी सेल गुरुवार से शुरू हो रही है, जिसमें ओवल इनविंसिबल्स और बर्मिंघम फीनिक्स इस प्रक्रिया में शामिल होने वाली पहली टीमें होंगी इस बार द हंड्रेड का शेड्यूल मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के साथ टकराव से बचाने के लिए तैयार किया गया है। फाइनल 31 अगस्त को लॉर्ड्स में खेला जाएगा, जबकि एलिमिनेटर 30 अगस्त को ओवल में होगा।

### रणजी ट्रॉफी : पहले दिन का खेल खत्म, रेलवेज 241 पर सिमटी

# दिल्ली ने एक विकेट खोकर बनाये 41 रन

एजेंसी

**नई दिल्ली**। दिल्ली और रेलवेज के बीच यहां अरुण जेटली स्टेडियम में रणजी ट्रॉफी का मुकाबला खेला जा रहा है। मुकाबले में पहले दिन का खेल खत्म हो गया है। रेलवेज की पहली पारी में बनाए 241 रन के जवाब में दिल्ली की टीम ने एक विकेट के नुकसान पर 41 रन बना लिए हैं। सलामी बल्लेबाज सनत सांगवान 28 गेंदों पर 9 रन और यश ढुल 25 गेंदों पर 17 रन बनाकार नाबाद लौटे हैं।



सुबह मुकाबले में टॉस दिल्ली ने जीता और उसने गेंदबाजी चुनी। रेलवेज ने पहले बल्लेबाजी की और पहली पारी में 67.4 ओवर खेलते हुए 241 रन बनाए। रेलवेज की शुरूआत अच्छी नहीं रही और 21 रन तक तीन विकेट खो दिए। अंचित यादव 7 और कप्तान सूरज आहूजा 14 रन बनाकर आउट हुए। विवेक सिंह खाता भी नहीं खेल सके। फिर कुछ देर मोहम्मद सैफ ने बल्लेबाजी और 24 रन बनाकर आउट हुए। भार्गव मेराई बिना खाता खोले आउट हो गए। इस समय तक रेलवेज ने 66 रन तक अपने पांच विकेट खो दिए थे। यहां से विकेटकीपर बल्लेबाज उपेंद्र यादव और स्पिनर कर्ण शर्मा ने पारी को संभाला और टीम के स्कोर को 150 के पार ले गए। कर्ण शर्मा 105 गेंदों में 50 रन की शानदार पारी खेलकर आउट हुए। उपेंद्र यादव अपने शतक से चूक गए और 95 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने अपनी पारी में 177 गेंदों का सामना किया और 10 चौके व एक छक्का लगाया। हिमांशु सांगवान ने 29 रन की पारी खेली। इस तरह टीम 241 रन बनाने में कामयाब रही। दिल्ली के लिए नवदीप सैनी और सुमित माथुर ने 3-3 विकेट हासिल किए, जबकि सिद्धांत शर्मा और मनी ग्रेवाल ने 2-2 विकेट झटके। रेलवेज की पारी सिमटने के बाद दिल्ली की टीम बल्लेबाजी के लिए मैदान पर उतरी। टीम को 11 रन पर पहला झटका लगा। अर्पित राणा 10 रन बनाकर पवेलियन लैट गए। इसके बाद दिन का खेल खत्म होने तक दिल्ली का और कोई विकेट नहीं गिरा। दिल्ली ने एक विकेट के नुकसान पर 42 रन बना लिए हैं। सनत सांगवान 9 रन और यश ढुल 17 रन बनाकार नाबाद हैं। रेलवेज के लिए हिमांशु सांगवान ने एक विकेट लिया।

## 38वीं राष्ट्रीय खेल : झारखंड के राणा प्रताप ने जीता कांस्य पदक



पंच संवाददाता

**रांची** । 38वीं राष्ट्रीय खेल में तैराकी में दुसरे दिन झारखंड के राना प्रताप ने 200मी ब्रेस्ट स्ट्रोक में 2:24.61 का समय के साथ कांस्य पदक प्राप्त किया ये झारखंड के लिए गौरव की बात है। राना प्रताप के इस उपलब्धि के लिए झारखंड तैराकी संघ के अध्यक्ष बरखा सिन्हा, महासचिव उपेन्द्र कुमार तिवारी, वरीय उपाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार तिवारी, संयुक्त सचिव राकेश कुमार पाठक, आजीवन अध्यक्ष रामबालक सिंह के साथ साथ संघ की सभी पदाधिकारियों ने बधाई दी।

## वेटलिफ्टर विजय कुमार ने 55 किग्रा वर्ग में जीता स्वर्ण

एजेंसी

**देहरादून**। छत्तीसगढ़ के युवा वेटलिफ्टर विजय कुमार ने 38वें राष्ट्रीय खेलों में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए 55 किग्रा भारवर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उन्होंने 143 किग्रा क्लीन एंड जर्क में भार उठाकर राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी की और कुल 248 किग्रा (105 किग्रा स्नैच + 143 किग्रा क्लीन एंड जर्क) वजन उठाकर प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान हासिल किया। विजय कुमार की यह जीत केवल एक पदक नहीं, बल्कि उनके कठिन परिश्रम, संघर्ष और अटूट समर्पण की कहानी है। साधारण परिवार से आने वाले




विजय के पास महंगे पोषण सप्लीमेंट या विशेष प्रशिक्षण के लिए संसाधन नहीं थे, लेकिन उनकी महत्वाकांक्षा हमेशा बुलंद रही। शुरूआती दिनों में साधारण 'दाल-चावल' उनका मुख्य आहार था, लेकिन अपनी मेहनत के दम पर उन्होंने खुद को राष्ट्रीय स्तर पर साबित किया। अपनी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर विजय ने कहा,३मेरे माता-पिता को वेटलिफि्टंग में कोई भविष्य नहीं दिखता था। वे चाहते थे कि मैं इसे छोड़ दूं, लेकिन यह मेरा जुनून था, मेरा एकमात्र लक्ष्य। आज का स्वर्ण पदक इस बात का प्रमाण है कि मेरा संघर्ष सही था। विजय के सफर में कई चुनौतियाँ आईं, जिनमें पुरानी हैमस्ट्रिंग चोट सबसे बड़ी थी। कई बार उन्होंने खुद भी संदेह किया कि क्या वे कभी शीर्ष स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर पाएंगे। लेकिन उनकी मेहनत और दृढ़ संकल्प ने उन्हें विजयी बना दिया। यह स्वर्ण पदक विजय के लिए केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि उनके माता-पिता और कोच के प्रति समर्पण का प्रतीक भी है। विजय ने भावुक होते हुए कहा,३यह पदक उन्हीं के लिए है। उन्होंने मुझ पर भरोसा किया, जब किसी और ने नहीं किया।

## चैम्पियंस ट्रॉफी के प्रोमो में बफीर्ली हवाओं के बीच बैठे दिखे धोनी

एजेंसी

**मुम्बई** । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 के प्रोमो में एक नये अंदाज में नजर आये हैं। इस प्रोमो को देखकर प्रशंसक उत्साहित हैं। प्रोमो जब खुलता है तो दर्शक पाते हैं कि कैसे धोनी बफीर्ली हवाओं के बीच बैठे हैं और चैम्पियंस ट्रॉफी पर बात करते नजर आते हैं। विज्ञापन में धोनी कहते हैं, जब मैं कप्तान था तो कूल रहना आसान था पर प्रशंसक बनकर आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी देखना आसान नहीं है। भले ही हमारी टीम मजबूत है पर एक मैच



भी हार जाएं, तो बाहर हो जाएगी, ऐसे में तनाव होना ही है। इस तनाव ने तापमान इतना बढ़ा दिया है कि हर मैच करो या मरो का हो गया है। इस प्रोमो के दौरान दौरान धोनी को रैफरल लेते हुए भी दिखाया जाता है। तभी एक ट्रक आता है और बहुत सारी बर्फ धोनी पर डालकर चला जाता है। उक्त प्रोमो पर जमकर प्रशंसकों की काफी प्रतिक्रियाएं भी आयी हैं। जहां कई प्रशंसकों ने प्रोमो पर कैप्टन कूल लिखा तो कईयों ने धोनी की इस अदा की सराहना की है। वहीं एक प्रशंसक ने लिखा, चैम्पियंस ट्रॉफी के प्रचार वीडियो में महान धोनी अपने ब्रांड और कौशल का प्रदर्शन करते हुए दिखाई दे रहे हैं। वहीं, दूसरे ने लिखा, मैदान पर कैप्टन कूल, प्रशंसक बनकर बहा रहे पसीना। यहां तक कि चैम्पियंस ट्रॉफी में भी धोनी रेफ्रिजरेशन सिस्टम की जरूरत है।

## 38 वे राष्ट्रीय खेल के लिए झारखंड महिला हॉकी टीम की घोषणा



एजेंसी

**रांची** । 28 जनवरी से 14 फरवरी 2025 तक देवभूमि हरिद्वार, उतराखंड में आयोजित 38 वें राष्ट्रीय खेल के लिए खेल विभाग झारखंड सरकार, झारखंड ओलंपिक संघ एवम हॉकी झारखंड के संयुक तत्वाधान में झारखड़ महिला हॉकी टीम के 30 खिलाड़ियों का विशेष प्रशिक्षण शिविर 11 जनवरी 2025 से मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम मोराबादी रांची में झारखंड टीम की मुख्य प्रशिक्षक भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान सुश्री सुमराय टेटे और टीम मैनेजर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के प्रशिक्षक जी सुधीर के देखरेख में आयोजित की गई इस प्रशिक्षण शिविर बेस्ट 18 खिलाड़ियों को चयनित किया गया जिसकी घोषण आज की गई। झारखंड टीम के लिए चयनित 18 खिलाड़ी कल हरिद्वार के लिए रवाना होगी।

## चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले पाक में लगे विराट के पोस्टर

**लाहौर** । पाकिस्तान में अगले माह 19 फरवरी से आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 होने वाली है। इसको लेकर प्रशंसकों में जबरदस्त उत्साह है। इससे पहले यहां भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली चचाओं में हैं। यहां की गलियों में विराट के पोस्टर लगे हुए हैं। यह चैम्पियंस ट्रॉफी के प्रमोशनल पोस्टर हैं, जो स्थानीय प्रसारक टैपमैड ने लगवाए हैं। इन पोस्टरों को पाकिस्तान की मीडिया ने सोशल मीडिया में साझा किया है। प्रमोशनल पोस्टर में विराट के अलावा अन्य टीमों के स्टार खिलाड़ियों की भी तस्वीरें हैं पर इसमें विराट को बीच में और बड़ा करके दिखाया गया है। चैम्पियंस ट्रॉफी के प्रमोशनल पोस्टर में विराट का पोस्टर इसलिए लगाया गया है क्योंकि पाकिस्तान में उनके काफी प्रशंसक हैं।

## ग्लोबल इंडियन प्रवासी कबड्डी लीग ने किये फ्रेंचाइजी टीमों के कप्तान घोषित

एजेंसी

**गुरुग्राम**। बहुप्रतीक्षित ग्लोबल इंडियन प्रवासी कबड्डी लीग (जीआई-पीकेएल) ने गुरुवार को पुरुषों और महिला फ्रेंचाइजी के लिए कप्तानों की घोषणा कर दी है। कबड्डी को वैश्विक स्तर पर एक पहचान दिलाने वाली इस लीग में मिस्त्र, केन्या, अर्जेंटीना, ताइवान और पोलैंड जैसे कई देशों की भागीदारी देखी जा सकेगी।

जीआई-पीकेएल के उद्घाटन सत्र में छह महिला और छह पुरुष टीमों को शामिल किया गया है। सभी टीमें भारत की संस्कृति और भाषाई समृद्धि का प्रतिनिधित्व करती हैं। टीमों को उनकी क्षेत्रीय पहचान के हिसाब से नामित किया गया है। इनमें पुरुष टीमें मराठी वल्चर्स, भोजपुरी लेपर्ड, तेलुगु पैंथर्स, तमिल लायंस, पंजाबी टाइगर्स,




हरियानवी शार्क हैं, जबकि महिला टीमों में मराठी फाल्कन्स, भोजपुरी लेपर्ड, तेलुगु चीतास, तमिल लायंस, पंजाबी टाइग्रेस, हरियानवी ईगल्स शामिल हैं। कप्तानी के रूप में शिव प्रसाद को भोजपुरी लेपर्ड की कमान सौंपी गई है तथा विकास दहिया हरियाणवी शार्क का नेतृत्व करेंगे। मराठी वल्चर और पंजाबी टाइगर्स ने क्रमशः कपिल नरवाल और साविन नरवाल को कप्तान बनाया है। सुनील नरवाल तमिल लायंस और संदीप कंदोला तेलुगु पैंथर्स का नेतृत्व करेंगे। महिला टीमों की बात की जाए तो पुष्पा राणा हरियाणवी ईगल्स तो मीना कादियान भोजपुरी लेपर्ड का नेतृत्व करेंगी। मराठी फाल्कन्स और पंजाबी टाइग्रेस ने क्रमशः तनु शर्मा और मीरा को कप्तान बनाया है। जूली भाटी तेलुगु चीता का प्रतिनिधित्व करेंगी, तो सुमन तमिल लायंस की बागडोर संभालती नजर आएंगी। कप्तानों के चयन पर होलिस्टिक इंटरनेशनल प्रवासी स्पोर्ट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष कांथी डी सुरेश ने कहा, जैसा समान भाव हम महिला और पुरुष दोनों खिलाड़ियों के लिए रखते हैं, उसी तरह सभी टीमों के कप्तानों की घोषणा कर दी गई है। इसके बाद से यह खिलाड़ी न केवल अपनी टीमों का नेतृत्व कर रहे हैं, बल्कि उन्हें प्रेरित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। हमारा मानना है कि उनका नेतृत्व और समर्पण एक प्रतिस्पर्धी सीजन को जन्म देगा।

## हरमनप्रीत की कप्तानी में उतरेगी भारतीय हॉकी टीम

एजेंसी

**नई दिल्ली** । अनुभवी ड्रैग-फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में भारतीय हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग के भुवनेश्वर चरण में उतरेगी। हॉकी इंडिया ने गुरुवार को 32 सदस्यीय पुरुष टीम की घोषणा की है। इस टीम की कप्तानी जहां हरमनप्रीत को मिली है। वहीं उपकप्तान की जिम्मेदारी हार्दिक सिंह के पास रहेगी। भारतीय टीम प्रो लीग में अपने मुकाबले 15 से 25 फरवरी तक स्पेन, जर्मनी, आयरलैंड और इंग्लैंड से खेलेगी। 22 वर्षीय अंगद बीर सिंह और 20 वर्षीय अर्शदीप सिंह को पहली बार इस टीम में शामिल किया गया है।



इन दोनो ने ही जूनियर टीम और हॉकी इंडिया लीग में प्रभावशाली प्रदर्शन किया था।

टीम में गोलकीपर के तौर पर कृष्ण बहादुर पाठक और सूरज करकेरा व प्रिंसदीप सिंह रहेंगे। जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, कप्तान हरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय, जुगराज सिंह, नीलम संजीप जेस, वरुण कुमार और यशदीप सिवाच रक्षापंक्ति की जिम्मेदारी संभालेंगे। वहीं मिडफील्ड में टीम में राजकुमार पाल, शमशेर सिंह, मनप्रीत सिंह, उप कप्तान हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, नीलकंठ शर्मा, मोइरांगथेम रबीचंद्र सिंह और राजिंदर सिंह रहेंगे। आक्रमण की जिम्मेदारी अभिषेक, सुखजीत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, मनदीप सिंह, गुरजंत सिंह, बॉबी सिंह धामी, शिलानंद लाकड़ा, दिलप्रीत सिंह, अरायजीत सिंह हुंदल, उत्तम सिंह, अंगद बीर सिंह और अर्शदीप सिंह के पास रहेगी। टीम के चयन से भारतीय पुरुष टीम के मुख्य कोच क्रेग फल्टन भी खुशी हैं। उनका मानना है इस टीम में वह सभी कुछ है जो जीत के लिए जरुरी है।

## रणजी ट्रॉफी क्रिकेट : उत्कर्ष सिंह की घातक गेंदबाजी से झारखंड को 79 रनों की बढ़त

एजेंसी

**रांची**। उत्कर्ष सिंह की घातक गेंदबाजी से झारखंड की टीम कीनन स्टेडियम जमशेदपुर में चल रहे चार दिवसीय रणजी ट्रॉफी क्रिकेट मैच के पहले दिन तमिलनाडु के विरुद्ध पहली पारी में 79 रनों की बढ़त हासिल करने में सफल रही।

झारखंड की पहली पारी 53.2 ओवर में महज 185 रनों पर सिमट गई। तब ऐसा लगा कि तमिलनाडु की टीम पहली पारी में एक बड़ी बढ़त हासिल कर लेगी , लेकिन उत्कर्ष सिंह की घातक गेंदबाजी की बदौलत झारखंड ने



तमिलनाडु को महज 106 रनों पर रोक दिया। तमिलनाडु ने 27.5 ओवर में केवल 106 बनाए। घायल होने के कारण एक खिलाड़ी ने बल्लेबाजी नहीं की । झारखंड के उत्कर्ष सिंह ने केवल 30 रन देकर 6 खिलाड़ियों को आउट किया । जबकि मनीशी ने 32 से लेकर दो विकेट लिया। तमिलनाडु की ओर से एस मोहम्मद अली ने 37 , एम जगदीशन ने सोलह, विजय शंकर ने 17 एवं एम मोहम्मद ने 21 रन बनाए।

पहले दिन का खेल समाप्त होने के समय तक झारखंड ने अपनी दूसरी पारी में एक विकेट पर पांच रन बना लिए थे। कुमार सूरज बिना खाता खोले आउट हुए।

## राष्ट्रीय खेल बैडमिंटन: उत्तराखंड ने पहले दिन किया शानदार प्रदर्शन

एजेंसी

**देहरादून**। 38वें नेशनल गेम्स बैडमिंटन चैंपियनशिप के पहले दिन रोमांचक मुकाबले देखने को मिले, जहां देश के शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया। देहरादून के परेड ग्राउंड स्थित मल्टी-पर्पस हॉल में खेले गए मैचों में पुरुषों और महिलाओं की टीम स्पधाओं में कड़ा मुकाबला हुआ।

महिलाओं के ग्रुप बी में मेजबान उत्तराखंड ने शानदार खेल दिखाते हुए गुजरात को 3-2 से हराया। पूरे मैच के दौरान दोनों टीमों के बीच जबरदस्त टक्कर देखने को मिली, लेकिन उत्तराखंड की टीम ने निर्णायक युगल मुकाबले में जीत दर्ज कर घरेलू दर्शकों को खुशी दी।



दोपहर के सत्र में उत्तराखंड की महिला टीम ने कर्नाटक के खिलाफ भी 3-2 से रोमांचक जीत दर्ज की। कर्नाटक की टीम ने जोरदार चुनौती पेश की, लेकिन उत्तराखंड ने एकल और युगल मुकाबलों में प्रभावी प्रदर्शन करते हुए जीत अपने नाम की। पुरुषों के ग्रुप बी में राजस्थान और अरुणाचल प्रदेश के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, जिसमें राजस्थान ने 4-1 से जीत दर्ज की। राजस्थान की टीम ने युगल मुकाबलों में बढ़त बनाते हुए निर्णायक एकल मैच जीतकर मुकाबला अपने नाम किया। दोपहर के सत्र में पुरुषों के ग्रुप ए में सर्विसेज टीम ने कर्नाटक को 3-2 से हराकर चौंका दिया। कर्नाटक के खिलाड़ी शुरूआती बढ़त बनाए रखने में नाकाम रहे, जबकि सर्विसेज की टीम ने रणनीतिक खेल से युगल मुकाबलों में जीत हासिल की। पुरुषों के ग्रुप बी में छत्तीसगढ़ ने राजस्थान को 3-2 से हराकर जबरदस्त जीत दर्ज की। पूरे मुकाबले के दौरान दोनों टीमों ने शानदार खेल दिखाया, लेकिन छत्तीसगढ़ की टीम ने संयम और कौशल का परिचय देते हुए मैच जीत लिया। महिलाओं के ग्रुप ए में हरियाणा की टीम ने असम को 4-1 से हराकर दबदबा बनाया। अनमोल खरब ने एकल और युगल मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन किया, जिससे हरियाणा को बड़ी जीत हासिल हुई। पहले दिन के मुकाबलों के बाद टूनामेंट में रोमांचक शुरूआत देखने को मिली है। उत्तराखंड ने अपने शानदार खेल से सभी का ध्यान खींचा है, जबकि अन्य टीमें भी खिताब की दौड़ में मजबूती से बनी हुई हैं। आने वाले दिनों में और भी रोमांचक मुकाबलों की उम्मीद है, जहां खिलाड़ी अपनी क्षमता का पूरा प्रदर्शन करेंगे।



फ्रांस में चैम्पियंस लीग फुटबॉल में खेलते हुए रियल मैड्रिड और ब्रीस्ट के खिलाड़ी।



## तीसरी शादी करने को तैयार राखी सावंत, पाकिस्तानी दूल्हे संग करेंगी निकाह!

**राखी सावंत हमेशा ही अपने ड्रामा, हरकतों को लेकर सोशल मीडिया पर छाई रहती हैं। हाल ही में वह पाकिस्तानी गईं। वहां एक इवेंट में अपने फैंस से मिलीं। राखी सावंत ने बताया है कि वह जल्द ही शादी करने वाली हैं। यह राखी की तीसरी शादी होगी। कौन है उनका होने वाला दूल्हा?**

### डोडी खान से करेंगी शादी

राखी सावंत ने हाल ही में बताया है कि उन्हें कई रिश्ते पाकिस्तान में मिल रहे हैं। वह इनमें से किसी के बारे में सोच सकती हैं। इन्हीं रिश्तों में से एक रिश्ता डोडी खान का भी है। वह राखी को शादी के लिए सोशल मीडिया पर एक वीडियो बनाकर प्रपोज कर चुके हैं।

### भारत में रिस्पेशन करेंगी

राखी सावंत ने यह भी कहा है कि वह शादी करेंगी तो भारत में रिस्पेशन होगा। राखी का कहना है कि पाकिस्तान में उनके काफी फैंस हैं। साथ ही वह यह भी कहती हैं कि पाकिस्तानी और भारत के लोग एक-दूसरे के बिना रह नहीं सकते हैं। वह शादी करेंगी तो पाकिस्तानी में लेकिन रिस्पेशन भारत में होगा।

आगे राखी कहती हैं कि वह तो हनीमून का प्लान बना चुकी हैं। वह शादी के बाद दुबई में सेटल होने की बात करती हैं। वैसे राखी इन दिनों भारत से ज्यादा दुबई में रहती हैं, वहां उनका अपना एक घर भी है। राखी के करियर की बात की जाए तो वह बॉलीवुड में अपने आइटम डांस की वजह से चर्चा में आई थीं, कुछ फिल्मों और वेब सीरीज में भी वह एक्टिंग कर चुकी हैं। वह बिग बॉस रियालिटी शो का भी कई बार हिस्सा बनी हैं।



# कास्टिंग काउच पर बोलीं फातिमा सना शेख

आमिर खान की फिल्म दंगल में अभिनेत्री फातिमा सना शेख बेहतरीन अभिनय के कारण चर्चा में रहीं। एक इंटरव्यू के दौरान फातिमा ने अपने फिल्म इंडस्ट्री के एक्सपीरियंस को लेकर बात की है। उन्होंने कहा कि कैसे कास्टिंग डायरेक्टर मुंबई में अभिनेताओं का फायदा उठाते थे और अक्सर उनकी कमाई में से हिस्सा भी मांगते थे।

### कास्टिंग डायरेक्टर को लेकर बोलीं फातिमा

बॉलीवुड बबल पर बातचीत के दौरान, फातिमा ने बताया कि स्टूडियो में ऑडिशन होते थे। जब अभिनेताओं को विज्ञापन के लिए भुगतान मिलता था, तो उन्हें पता चलता था कि उनकी कमाई का एक हिस्सा उसी कास्टिंग डायरेक्टर ने रखा लिया। फातिमा ने आरोप लगाया कि सभी को अपने भुगतान का 15 प्रतिशत उन्हें देना पड़ता था, भले ही आप उन्हें जानते ही न हों।

### नए लोगों का उठाते थे फायदा

फातिमा ने कहा कि बड़े कास्टिंग डायरेक्टर इसमें शामिल नहीं थे, केवल फॉड लोग ही ऐसा करते थे। वहां कई ऐसे लोग थे जो नए अभिनेताओं का फायदा उठाते थे। संघर्ष कर रहे अभिनेता इस बारे में जानते ही नहीं थे, इसलिए वो इन सब चीजों का शिकार भी हो जाते थे।

### फातिमा भी हुई शिकार

फातिमा सना शेख भी इस दौरान कास्टिंग काउच का शिकार हुईं। उन्हें साउथ सिनेमा में कास्टिंग के लिए फोन आते थे। कास्टिंग डायरेक्टर उन्हें असुरक्षित महसूस करवाते थे। वे पूछते थे, आप सब कुछ करने के लिए तैयार हैं न? मैं कहती थी कि मैं अच्छा काम करूंगी, एक किरदार के लिए जो जरूरी है वो सब मैं करूंगी लेकिन वे कहते थे कि मैं अच्छा काम नहीं कर रही। फातिमा ने बताया कि एक साउथ फिल्म में किए काम के सिलसिले में वे एक बार हैदराबाद में थीं। फातिमा सना शेख ने कहा कि साउथ के प्रड्यूस उनसे इस बारे में घुमा फिरा कर बात करते थे।



# हार्टब्रेक और पार्टनर को लेकर शाहिद कपूर ने की बात

शाहिद कपूर ने एक इंटरव्यू में अपने कामकाज के साथ निजी जीवन को लेकर भी बहुत सारी बातें की हैं। उन्होंने प्यार, हार्ट ब्रेक को लेकर भी बात की है। शाहिद ने कहा कि हमें देखना होगा कि प्यार हमारे अंदर की अच्छाई बाहर लाता है या बुराई।

### हार्टब्रेक पर बोले अभिनेता

राज शमानी के एक इंटरव्यू में शाहिद कपूर ने अपने हार्टब्रेक पर बात की है। उन्होंने कहा, कई बार जब आपका दिल टूटता है तो आपको लगता है कि आप बिल्कुल भी अच्छे इंसान नहीं हैं। शाहिद कपूर ने कहा, जब आप किसी को बहुत प्यार करते हैं और रिजेक्ट फील करते हैं तो आप उसे पाने के लिए बहुत कोशिश करते हैं।

### प्यार के बारे में ऐसा सोचते हैं शाहिद

शाहिद कपूर ने कहा कि दिल टूटने से मिली सीख बहुत खास होती है। प्यार अपने आप में बहुत स्ट्रांग बॉन्ड है, यह पहचानना जरूरी है कि क्या रिश्ता आपके अंदर की सबसे अच्छी चीज सामने लाता है या सबसे बुरी। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह समझना महत्वपूर्ण है, क्योंकि आखिरकार, आपको खुद के साथ रहना है।


### प्यार सिखाता है शाहिद कपूर

शाहिद ने इस इंटरव्यू में प्यार पर भी बात की। उन्होंने कहा कि प्यार ने उन्हें सिखाया, केवल अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए दूसरे व्यक्ति से कुछ नहीं मांगना चाहिए। हमें अपने पार्टनर की चीजों को भी समझना चाहिए।

### देवा में नजर आने वाले हैं शाहिद

बता दें शाहिद कपूर की फिल्मदेवा 31 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म का निर्देशन रोशन एंड्रयूज ने किया है। इस फिल्म की रिलीज से पहले यह कहा जा रहा है कि फिल्म से लिपलॉक सीन हटाया गया है। यह दावा अरुण दीप नाम के एक शख्स ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर किया है।

## खुशी कपूर की एक आदत से तंग हैं जुनैद खान



जल्द ही श्रीदेवी की बेटी खुशी कपूर और आमिर खान के बेटे जुनैद खान की फिल्म 'लवयापा' रिलीज होगी। वैलेंटाइन वीक पर यह फिल्म रिलीज हो रही है। फिल्म 'लवयापा' जेनरेशन जी से जुड़ी एक लव स्टोरी है। इन दिनों खुशी और जुनैद अपनी इस अपकमिंग फिल्म का प्रमोशन कर रहे हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान जुनैद खान ने बताया कि वह खुशी कपूर की एक आदत से तंग हैं। जुनैद बताते हैं कि खुशी समय से पहले हर जगह पहुंच जाती है। अगर कहीं 7 बजे आना है तो वह एक घंटा पहले वहां पहुंच जाती है। जुनैद खान कहते हैं कि मैं भी समय से पांच मिनट पहले पहुंच जाता हूं, मैं भी एक अच्छा बच्चा हूं। लेकिन सब कहते हैं कि देखो खुशी तो कब की सेट पर आ चुकी है। खुशी कपूर ने भी बताया कि जुनैद खान को हर घंटे कॉफी पीने की आदत है। जुनैद बिना कॉफी के रह ही नहीं सकते हैं।



## 33 साल बड़े एक्टर के साथ रोमांस करेंगी मालविका

कई मलयालम और तमिल फिल्मों का हिस्सा रही हैं, उन्होंने हाल ही में बॉलीवुड में भी डेब्यू किया वह जल्द ही प्रभास की रोमांटिक हॉरर कॉमेडी फिल्म से तेलुगु में डेब्यू करने जा रही हैं, जो इस साल रिलीज होने वाली है। मालविका पहली बार अपने से दोगुनी उम्र के अभिनेता के साथ स्क्रीन पर रोमांस करती नजर आएंगी। 123 तेलुगु के मुताबिक मालविका मोहनन अभिनेता मोहनलाल की 'हृदयपूर्वम' में मुख्य भूमिका निभाने वाली हैं। मालविका और मोहनलाल की उम्र में 33 साल का फासला है। फिल्म 10 फरवरी को फ्लोर पर आएगी। अभिनेत्री के अलावा संगीता, सिद्दीकी, संगीत प्रताप, निशान, लालू एलेक्स और जनार्दन इस फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं।


## क्या एसएसएमबी29 की शूटिंग को लेकर एसएस राजामौली ने उठाया ये कदम?

'बाहुबली' सीरीज और 'आरआरआर' जैसी साउथ फिल्मों में देश-दुनिया में फेमस करने वाले डायरेक्टर एसएस राजामौली अब एक और बिग बजट फिल्म 'एसएसएमबी29' ला रहे हैं। इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। एक रिपोर्ट के अनुसार डायरेक्टर राजामौली ने अपनी इस फिल्म को लेकर एक बड़ा कदम उठाया है।

### शूटिंग को रखना चाहते हैं सीक्रेट

हाल ही में एसएस राजामौली ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'एसएसएमबी29' की शूटिंग शुरू की है। इस फिल्म में लीड रोल में साउथ स्टार महेश बाबू हैं, प्रियंका चोपड़ा भी इस फिल्म का हिस्सा बनी हैं। अपनी बाकी फिल्मों की तरह ही डायरेक्टर राजमौली इस फिल्म की शूटिंग को भी सीक्रेट रखना चाहते हैं। इससे जुड़ी कोई भी जानकारी मीडिया में लीक होने से बचाना चाहते हैं।

### क्या साइन करवाया है कॉन्ट्रैक्ट



अपनी फिल्म की शूटिंग को सीक्रेट रखने के लिए एसएस राजामौली ने एक बड़ा कदम उठाया। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार उन्होंने अपने क्रू और एक्टर्स से नॉन डिसक्लोजर एग्रीमेंट साइन करवाया है। इस कॉन्ट्रैक्ट के तहत किसी को भी फिल्म से जुड़ी जानकारी सेट से बाहर नहीं करनी होगी। साथ ही सेट पर अपना फोन भी नहीं लाना होगा। अभी तक इस बात की पुष्टि फिल्म मेकर्स की तरफ से नहीं की गई है। ''एसएसएमबी29' को एक जंगल एडवेंचर फिल्म माना जा रहा है। इस फिल्म का बजट भी 1000 करोड़ रुपये बता जा रहा है। इस फिल्म को देश और विदेश की कई लोकेशन पर शूट किया जाएगा। अफ्रीका के जंगलों में भी इस फिल्म की शूटिंग होगी।



# मैं आज तक अमिताभ बच्चन से नहीं मिल पाई हूं, किसी इवेंट में भी उन्हें सामने से भी नहीं देखा

तमन्ना भाटिया ने बॉलिवुड और साउथ इंडस्ट्री के बीच एक ब्रिज बनाने का काम किया है। वह दोनों ही इंडस्ट्री के कलाकारों के साथ बड़ी सरलता और सहजता के साथ काम करती जा रही हैं। अदाकारा कहती हैं कि ऐक्टर बनने का जिम्मा एक इंसान उठा सकता है लेकिन ऑडियंस आपको कब अपनाएगी ये आपके हाथ में नहीं होता। शायद, इसीलिए वह कहती हैं कि ऐक्टर को अपने काम से ऑडियंस को पटाकर रखना चाहिए। बीते दिनों वह अपने पापा की जन्मस्थली लखनऊ आईं तो हमसे उन्होंने खूब बातें कीं। इस दौरान उन्होंने सफलता के मायने से लेकर दिल की कसक तक का हाल बयां किया।

### ओटीटी में कमाई के नंबरों का दबाव नहीं होता

मुझे लगता है कि हिरोइन सेंट्रिक फिल्में बहुत पहले से बनती आ रही हैं। 2024 की शुरुआत मैंने एक तमिल फिल्म आरनमनई-4 से की थी। उसने 100 करोड़ कमाए। वो थिएटर रिलीज थी और बस तमिल भाषा में ही आई थी। इसमें मेरे साथ राशि खन्ना थीं। मुझे नहीं लगता कि ओटीटी की वजह से ज्यादा हीरोइन सेंट्रिक फिल्में बन रही हैं। पहले भी श्रीदेवी, माधुरी, ऐश्वर्या को लेकर हीरोइन सेंट्रिक फिल्में बनी हैं। श्रीदेवी मैम की जुदाई, इंग्लिश-विंग्लिश, मदर्स तो मुझे बहुत पसंद है। हां, यह जरूर है कि ओटीटी हमें एक्सपेरिमेंट करने का मौका देता है। ऐसी अलग-अलग फिल्में करने दे रहा है, जिनमें कमाई के नंबर्स का कोई दबाव नहीं है। यह प्लैटफॉर्म इस किस्म का दबाव कलाकारों के ऊपर से उतार देता है। ओटीटी में एक्सपेरिमेंट किए जा सकते हैं। अलग-अलग कहानियां बता सकते हैं और अलग-अलग व नए लोगों को मौका दे सकते हैं। एक सिनेमा हॉल में मास अपील होनी जरूरी है, नहीं तो वह फिल्म नहीं चलेगी। कई बार फिल्में लोगों को ध्यान में रखकर बनाई जाती हैं लेकिन ओटीटी हर कोई अकेले या दोस्तों के साथ देखता है। आपके पास वहां पर विकल्प हैं कि आपको कौन सी फिल्म देखनी है। यह मौका बस आपको ओटीटी ही देता है।


### एक दौर के बाद ऑडियंस नहीं अपनाती है

मुझे लगता है कि ऐक्टर बनने का जिम्मा एक इंसान उठा सकता लेकिन ऑडियंस उसे कब अपनाएगी, ये उसके हाथ में नहीं होता है। एक ऐक्टर का धर्म यही है कि वो अपना काम ईमानदारी से करता जाए। यह बड़ा हास्यास्पद है कि आप शायद एक दौर में प्रासंगिक होंगे लेकिन कुछ साल बाद वही ऑडियंस आपको नहीं अपनाएगी। एक कलाकार के तौर पर आपको किसी ना किसी तरह से अपने काम से दर्शकों को पटाकर रखना होगा। लगातार उनको अपना हुनर किसी ना किसी तरह से दिखाना पड़ेगा कि आप क्या क्रांति अपने काम के साथ कर रहे हो।

### यह गलतफहमी है कि सफलता मिलेगी तो सेट हो जाऊंगा

खुशनसीब हूं कि मुझे दर्शकों का बहुत जल्दी प्यार मिल गया था। मुझे वो दिन आज भी याद है, जब मैंने अखबार खोलकर देखा और उसमें मेरे काम की बहुत तारीफ लिखी थी। मैं उसको पढ़कर परेशान हो गई कि अब क्या नया करूंगी। कैसे अपने टैलंट को बढ़ाऊंगी, ताकि जो पैरामीटर सेट किया गया है, वह बरकरार रहे। बहुत से लोगों को गलतफहमी है कि जिस दिन सफलता मिलेगी, उस दिन मैं सेट हो जाऊंगा। दरअसल, ऐक्टर की सफलता इस पर तय होगी कि अब क्या नया करोगे। सेट होने वाली सोच भ्रामक है। आप सफलता के पीछे नहीं भाग सकते। बस आप अपने ऐक्टिंग करियर पर फोकस कर सकते हैं, ताकि सफलता तक पहुंचने का रास्ता तय कर सकें। आप जो कुछ करें, उसमें आपका प्यार नजर आना चाहिए। आप पूरी तरह उसमें डूब जाएं। अब के दौर में सफलता और असफलता कोई परमानेंट रहने वाली चीज नहीं रह गई है।

### आज तक अमिताभ बच्चन से नहीं मिली



मैं क्लासिकली ट्रेंड डांसर नहीं हूं। मन में हमेशा इसकी कसक रहेगी। मैंने तय किया है कि जब-जब फ्री रहूंगी तो थोड़ी-थोड़ी ट्रेनिंग लेती रहूंगी। मुझे लगता है कि क्लासिकल डांस की कई सारी टेक्नीक्स हैं, जो बहुत उपयोगी होती हैं। ये हर तरह से बहुत काम आती हैं। मैं हमेशा ही सेट पर उन टेक्नीक्स को सीखने की कोशिश करती हूं। इसको सीख लेने से आपकी चीजें बहुत आसान हो जाती हैं। रही बिग बी की बात तो मैं आजतक अमिताभ बच्चन से नहीं मिल पाई हूं। यहां तक कि किसी इवेंट में भी उन्हें सामने से नहीं देखा है। मेरी उनसे मिलने की बहुत तमन्ना है।

# जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति 'दिशा' की बैठक संपन्न

**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारत सरकार के माध्यम से संचालित की



जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट के सभागार में जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) की बैठक अध्यक्ष/सांसद (लोकसभा) गौतमबुद्धनगर डा0 महेश शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

सांसद ने बैठक प्रारम्भ से पूर्व महाकुम्भ हादसे में जान गवाने वाले श्रद्धालुओं के लिए एक मिनट का मौन धारण किया। मौन धारण के उपरान्त सांसद ने भारत सरकार के माध्यम से संचालित आदि महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की। उन्होंने इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों का आह्वान करते हुए कहा कि भारत सरकार के माध्यम से विकास से संबंधित एवं जन सामान्य को व्यक्तिगत लाभ



पहुंचाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार की योजनाएं संचालित की जा रही हैं ताकि समाज के अंतिम छोर के व्यक्तियों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके।

डॉ. महेश शर्मा ने आगामी ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत जनपद को सुचारू विद्युत आपूर्ति प्रदान करने हेतु व्यवस्थाओं एवं आरडीएसएस योजना, स्मार्ट मीटर, मार्डनाइजेशन के क्रियान्वयन की प्रगति के सम्बन्ध में चर्चा की।

सांसद ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से कहा कि जिला अस्पताल में पर्याप्त स्टाफ एवं औषधि की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी से कहा कि उनके द्वारा पेंशन योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, विधायक जेवर धीरेन्द्र सिंह, सांसद प्रतिनिधि संजय बाली व अन्य जनप्रतिनिधि, अपर जिला अधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे, जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश, मुख्य अभियंता हाइडल हरीश बंसल, उपायुक्त उद्योग अनिल कुमार, उप निदेशक कृषि राजीव कुमार, जिला कृषि रक्षा अधिकारी विनोद कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी ओमहरि उपाध्याय, जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार, स्वास्थ विभाग, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, समस्त अधीक्षण अभियन्ता व अधिशासी अभियन्ता एवं अन्य विभागीय अधिकारियों ने महत्वपूर्ण बैठक में प्रतिभाग किया।

# सेक्टर–63ए पहुंचे नोएडा प्राधिकरण के अफसर

**नोएडा ( चेतना मंच )।** 'नोएडा आप के द्वार' अभियान के तहत नोएडा प्राधिकरण के अफसरों ने सेक्टर–63ए में जाकर आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों संग बैठक की तथा उनकी समस्याएं सुनी।




इस दौरान सेक्टरवासियों ने अफसरों के समक्ष 36 समस्याएं रखीं। जिसमें सिविल की 18, उद्यान की 6, जनस्वास्थ्य की 5, विद्युत यांत्रिकी की 4 तथा जल एवं सीवर से जुड़ी 3 समस्याएं थीं। अधिकारियों ने शीघ्र ही सभी समस्याओं का निस्तारण करने का आश्वासन दिया। इस दौरान आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों के अलावा प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबन्धक (वर्क सर्किल–4), प्रबन्धक (जल खण्ड–1), प्रबन्धक (वर्क सर्किल–4), प्रबन्धक (वि0/ यां0–2), प्रबन्धक (जन स्वास्थ्य–1), स्वास्थ्य निरीक्षक (जन स्वास्थ्य–1), सहायक निदेशक (उद्यान खण्ड–1) तथा सम्बंधित स्टाफ उपस्थित थे। साथ ही सैक्टर–63ए के अध्यक्ष, महासचिव एवं सचिव तथा अन्य सैक्टरवासी भी बैठक के दौरान उपस्थित थे।

# डीएम ने किया ईवीएम/वीवी पैट वेयर हाउस का निरीक्षण

**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन



अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कलेक्ट्रेट में स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस में पहुंचकर मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, संबंधित अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

जिला मजिस्ट्रेट ने वेयर हाउस में निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में लगे संबंधित पुलिस स्टाफ से वार्ता करते हुए ईवीएम मशीनों की सुरक्षा के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। उन्होंने ईवीएम/ वीवीपैट वेयर हाउस के ताले पर लगी सील की जांच की, जो की सही पाई गई। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा सीसीटीवी कैमरों का भी गहनता से अवलोकन किया गया, सभी कैमरे क्रियाशील पाए गए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को ईवीएम मशीनों की सुरक्षा के दृष्टिगत सभी व्यवस्थाएं सुदृढ़ रखने के आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। निरीक्षण के दौरान ईवीएम/ वीवीपैट वेयर हाउस की सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई।

# कांस्टेबल पर पिता पुत्र ने किया हमला, चौकी तक घसीटा

**गाजियाबाद ( चेतना मंच )।** सम्मन तालीम कराने गए कांस्टेबल पर पिता–पुत्र ने हमला बोल दिया। दोनों दबंगों में पुलिस का कोई डर नहीं था और उसने कांस्टेबल को पुलिस चौकी तक घसीटा।

सहायक पुलिस आयुक्त अंकुर विहार अजय कुमार सिंह ने बताया कि सीबीआई गाजियाबाद का कांस्टेबल वीरी सिंह सीबीआई न्यायालय द्वारा जारी सम्मन को तामील कराने के लिए थाना लोनी बॉर्डर क्षेत्र के जवाहर नगर इलाके में गया था। सम्मन लक्ष्मण प्रसाद पुत्र स्वर्गीय छिद्दा लाल के नाम से था। तामील के लिए जब यह लक्ष्मण प्रसाद के घर पर पहुंचा तो लक्ष्मण प्रसाद तथा उसका पुत्र दीपक कुमार सिपाही के ऊपर हमला बोल दिया। सिपाही द्वारा अपना परिचय पत्र दिखाया गया, सम्मन दिखाया गया इसके बावजूद वो उसके ऊपर हमलावर रहे, सिपाही जब अपने मोबाइल से 112 नंबर डायल करने लगा तो उसका मोबाइल छीन लिए तथा उसका कॉलर पकड़कर घसीटते हुए पुलिस चौकी तक ले गये।

इस संबंध में मुकदमा पंजीकृत करके दोनों आरोपियों लक्ष्मण प्रसाद व दीपक कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा इनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

# सुपरटेक सोसायटी में दबंगों ने युवक को पीटा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सुपरटेक ईको विलेज–1 में युवक को कार सवार कुछ



दबंगों ने जम कर पीटा जिसका वीडियो वायरल हो गया है।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट की सबसे बड़ी रेजिडेंशियल सोसाइटी सुपरटेक इको विलेज–1 में उस समय हड़कंप मच गया जब सोसायटी में घुसकर एक युवक को कार सवार कुछ दबंगों ने जमकर पीटा। इस दौरान सुरक्षा के लिए तैनात सिक्योरिटी गार्ड तमाशबीन बने रहे, एक रेजिडेंस ने उन्हें रोकने की कोशिश की दबंगों युवक को रैम्प से नीचे गिरा दिया और मौके से भाग गये। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, ये मारपीट क्यों की गई इसका पता नही चल पाया है। वहीं थाना बिसरख पुलिस सूचना मिलने पर मौके पहुंच घटना की जांच कर रही है।

सोसायटी के निवासियों में इस घटना को लेकर रोष है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा है कि सिक्योरिटी पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है, क्योंकि बाहरी लोग आसानी से सोसायटी में घुसकर मारपीट कर निकल जाते हैं। 18 जनवरी को भी चोरों ने एक फ्लैट के बाथरूम की खिड़की तोड़कर 15 लाख के गहने और नकदी चुरा ली थी, लेकिन अब तक चोर पकड़े नहीं गए हैं।

सेक्टर–62 रजत विहार

# साइबर अपराधों से बचने को जागरूकता अभियान चलाया





**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर–62 स्थित रजत विहार सी ब्लॉक में साइबर क्राइम से बचने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। साइबर इंस्पेक्टर विष्णु कुमार ने सेक्टरवासियों को बताया कि किसी भी अंजान नंबर का कॉल न उठाएं और ना ही अपने दस्तावेज उनसे साझा करें। जैसे आधार कार्ड नंबर, पेन कार्ड नंबर आदि। यदि किसी अंजान नंबर से लिंक या फिर किसी भी प्रकार का लालच दिया जाता है तो तुरंत उस नंबर को ब्लॉक करें।

साइबर इंस्पेक्टर अपूर्वा ने बताया कि यदि किसी नंबर से पैसे आपके बैंक खाते पर क्रेडिट होते हो तो उस पर भरोसा न करें। क्योंकि जब भी हमारे बैंक में पैसा क्रेडिट होता है तो बैंक के ही तरफ से आपको एसएमएस आता है। और अगर अंजान नंबर से आपके व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल आए तो वो नंबर न उठाएं। किसी भी अंजान व्यक्ति से ओटीपी या दस्तावेज सांझा ना करें। इस दौरान आरडब्ल्यूए प्राधिकारी एवं सेक्टर–56 चौकी प्रभारी सुधीर कुमार, थाना प्रभारी–58 व अन्य लोग मौजूद रहे।

# महाकुंभ में मृतक श्रद्धालुओं को दी श्रद्धांजलि

**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय सोशलिस्ट मंच के तत्वाधान में प्रयागराज महाकुंभ में हुए हादसे में मृतक श्रद्धलुओं की आत्मा शांति के लिये प्रार्थना सभा कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि भी थी। अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी जी को श्रद्धासुमन अर्पित कर याद किया गया। महात्मा गांधी जी भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन के एक प्रमुख राजनैतिक एवं आध्यात्मिक नेता थे। वह सत्याग्रह व्यापक सविनय अवज्ञा के माध्यम से अत्याचार का विरोध करने वाले अग्रणी नेता थे। उनकी इस अवधारणा की नींव सम्पूर्ण अहिंसा के सिद्धान्त पर रखी गयी थी जिसने भारत सहित पूरे विश्व में जनता को अपने अधिकारों के लिए आन्दोलन का आगाज करना सिखाया था। हम उस पुण्य आत्मा को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं।

इस मौके पर विक्की, अल्तमश, रहीश, मनोज, सुरेश कुमार, रजनीश, सचिन नागर, मीरोज, तपन दास, सरफराज आदि मौजूद रहे।



